कोल्हुअ पुं [**दे**] १ शृगाल, सियार ; (दे २, ६५ ; पाअ ; पउम ७, १७ ; १०५, ४२)। २ कोल्हू, चरखी, ऊख से रस निकालने की कल ; (दे २, ६५ ; महा)।

कोव पुं [**कोप**] क्रोध, गुस्सा ; (विपा १,६ ; प्रासू १७५)।

कोवण वि [**कोपन**] क्रोधी, क्रोध-युक्त; (पाअ; सुपा ३८५ ; सम ३४७ ; स्वप्न ८२)।

कोवासिअ देखो **कोआसिय**; (पाअ)।

कोवि वि [**कोपिन्**] क्रोधी, क्रोध-युक्त ; (सुपा २८१ ; श्रा २०)।

कोविअ वि [**कोविद**] निपुण, विद्वान् , अभिज्ञ; (आचा ; सुपा १३० ; ३६२)।

कोविअ वि [**कोपित**] १ क्रुद्ध किया हुआ। २ दूषित, दोष-युक्त किया हुआ ; "वइरो किर दाहो वायणंति नवि कोवियं वयणं" (उव)।

कोविआ स्त्री [**दे**] शृगाली, स्त्री-सियार ; (दे २, ४६)।

कोविआर पुं [**कोविदार**] वृक्ष-विशेष ; (विक्र ३३)।

कोविणी स्त्री [**कोपिनी**] कोप-युक्त स्त्री ; (श्रा १२)।

कोस पुं [**दे**] १ कुसुम्भ रंग से रक्त वस्त्र ; २ समुद्र, जलधि, सागर ; (दे २, ६५)।

कोस पुं [**क्रोश**] कोस, मार्ग की लम्बाई का परिमाण, दो मील ; (कप्प ; जी ३२)।

कोस पुं [**कोश**, °**ष**] १ खजाना, भण्डार; (णाया १,१३१; पउम ५, २४)। २ तलवार की म्यान ; (सूअ १, ६)। ३ कुड्मल, "कमलकोसव्व" (कुमा)। ४ मुकुल, कली ; (गउड)। ५ गोल, वृत्ताकार; "ता मुहमेलियकर-कोसपिहियपसरंतदंतकरपसरं" (सुपा २७ ; गउड)। ६ दिव्य-भेद, तप्त लोहे का स्पर्श वगैरः शपथ ; "एत्थ अम्हे

कोसक्किसएहिं पच्चाएमो" (स ३२४)। ७ अभिधान-शास्त्र, शब्दार्थ-निरूपक ग्रन्थ, जैसा प्रस्तुत पुस्तक। ८ पुंन. पान-पात्र, चषक ; (पाअ)। ९ न. नगर-विशेष ; "कोसं नाम नयरं" (स १३३)। °पाण न [°पान] सौगन, शपथ ; (गा ४४८)। °हिव पुं [°धिप] खजानची, भंडारी ; (सुपा ७३)।

कोसंब पुं [**कोशाम्र**] फल-वृक्ष-विशेष ; (पण्ण १—पत्र ३१)। °**गंडिया** स्त्री [°**गण्डिका**] खड्ग-विशेष, एक प्रकार की तलवार ; (राज)।

कोसंबिया स्त्री [**कौशाम्बिका**] जैन मुनि-गण की एक शाखा ; (कप्प)।

कोसंबी स्त्री [**कौशाम्बी**] वत्स देश की मुख्य नगरी ; (ठा १० ; विपा १, ५)।

कोसग पुं [**कोशक**] साधुओं का एक चर्म-मय उपकरण, चमड़े की एक प्रकार की थैली ; (धर्म ३)।

कोसट्टइरिआ स्त्री [**दे**] चण्डी, पार्वती, गौरी, शिव-पत्नी; (दे २, ३५)।

कोसय न [**दे. कोशक**] लघु शराव, छोटा पान-पात्र ; (दे २, ४७; पाअ)।

कोसल न [**कौशल**] कुशलता, निपुणता, चातुरी; (कुमा)।

कोसल न [**दे**] नीवी, नारा, इजारबन्द ; (दे २, ३८)।

कोसल } पुं [**कोसल, °क**] १ देश-विशेष ; (कुमा ;
कोसलग } महा)। २ एक जैन महर्षि, सुकोसल मुनि ; (पउम २२, ४४)। ३ कोसल देश का राजा ; ४ वि. कोशल देश में उत्पन्न ; (ठा ५, २)। ५ °**पुर** न [°**पुर**] अयोध्या नगरी; (आक १)।

कोसला स्त्री [**कोसला**] १ नगरी-विशेष, अयोध्या-नगरी; (पउम २०, २८)। २ अयोध्या-प्रान्त, कोसल-देश ; (भग ७, ६)।

कोसलिअ वि [**कौशलिक**] १ कोसल देश में उत्पन्न, कोसल-देश-संबन्धी ; (भग २०, ८)। २ अयोध्या में उत्पन्न, अयोध्या-संबन्धी ; (जं २)।

कोसलिअ न [**दे.कौशलिक**] प्राभृत, भेंट, उपहार ; (दे २, १२ ; सण ; सुपा—प्रस्तावना ५)।

कोसलिआ स्त्री [**दे.कौशलिका**] ऊपर देखो ; (दे २, १२ ; सुपा—प्रस्तावना ५)।

कोसल्ल न [**कौशल्य**] निपुणता, चतुराई ; (कुमा ; सुपा १६ ; सुर १०, ८०)।

कोसल्ल न [**दे**] प्राभृत, भेंट, उपहार ; "तं पुरजणकोसल्लं नरवइणा अप्पियं कुमारस्स" (महा)।

कोसल्लया स्त्री [**कौशल्य**] निपुणता, चतुराई; "तह मज्झ-नीइकोसल्लया य लीलाच्छिय इयाणिं" (सुपा ६०३)।

कोसल्ला स्त्री [**कौशल्या**] दाशरथि राम की माता; (उप पृ ३७४)।

कोसल्लिअ न [**दे.कौशलिक**] भेंट, उपहार; (दे २, १२; महा ; सुपा ४१३ ; ५२७ ; सण)।

कोसा स्त्री [**कोशा**] इस नाम की एक प्रसिद्ध वेश्या, जिसके यहां जैन महर्षि श्रीस्थूलभद्र मुनि ने निर्विकार भाव से चातुर्मास किया था ; (विवे ३३)।

कोसिण वि [**कोष्ण**] थोड़ा गरम ; (नाट—वेणी)।

कोसिय न [**कौशिक**] १ मनुष्य का गोत्र विशेष ; (अभि ४१ ; ठा ३६०)। २ वीसवें नक्षत्र का गोत्र; (चंद १०)। ३ पुं. उलूक, घूक, उल्लू ; (पाअ; सार्ध ५६)। ४ साँप-विशेष, चण्डकोशिक-नामक दृष्टि-विष सर्प, जिसको भगवान् श्रीमहावीर ने प्रबोधित किया था ; (आवम)। ५ वृक्ष-विशेष ; ६ इन्द्र ; ७ नकुल; ८ कोशाध्यक्ष, खजानची ; ९ प्रीति, अनुराग ; १० इस नाम का एक राजा ; ११ इस नाम का एक असुर ; १२ सर्प को पकड़ने वाला, गारुडिक ; १३ अस्थि-सार, मज्जा ; १४ शृङ्गार रस ; (हे १, १५६)। १५ इस नाम का एक तापस ; (भवि)। १६ पुंस्त्री. कौशिक गोत्र में उत्पन्न, कौशिक-गोत्रीय ; (ठा ७—पत्र ३६०); स्त्री—**कोसिई** ; (मा १६)।

कोसिया स्त्री [**कोशिका**] १ भारतवर्ष की एक नदी; (कस)। २ इस नाम की एक विद्याधर-राज-कन्या; (पउम ७, ५४)। ३ चमड़े का जूता ; "कोसियमालाभूसियसिरोहरो विगय-वसणो य" (स २२३)। देखो **कोसी**।

कोसियार पुं [**कोशिकार**] १ कीट-विशेष, रेशम का कीड़ा; (पण्ह १, ३)। २ न. रेशमी वस्त्र ; (ठा ५, ३)।

कोसी स्त्री [**कोशी**] देखो **कोसिया** ; (ठा ५, ३—पत्र ३५१)। २ गोलाकार एक वस्तु; 'कंचणकोसीपविट्ठदंताणं'(औप)।

कोसुम वि [**कौसुम**] फूल-संबन्धी, फूल का बना हुआ ; "कोसुमा बाणा" (गउड)।

कोसेअ } न [**कौशेय**] १ रेशमी वस्त्र, रेशमी कपड़ा
कोसेज्ज } (दे २, ३३; सम १५३ ; पण्ह १, ४)। २ तसर का बना हुआ वस्त्र ; (जीव ३)।

कोह पुं [**क्रोध**] गुस्सा, कोप ; (ओघ २ भा ; ठा ४, १)। °**मुंड** वि [°**मुण्ड**] क्रोध-रहित ; (ठा ५, ३) ।

कोह पुं [**कोथ**] सड़ना, शीर्णता ; (भग ३, ६) ।

कोह पुं [**दे. कोथ**] कोथली थैला ; (विसे २६८८) ।

कोह वि [**क्रोधवत्**] क्रोध-युक्त, कोप-सहित; "कोहाए माणाए मायाए लोभाए......आसायणाए" (पडि) ।

कोहंगक पुं [**कोभङ्गक**] पक्षि-विशेष ; (औप) ।

कोहज्झाण न [**क्रोधध्यान**] क्रोध-युक्त चिन्तन; (आउ ११)।

कोहंड न [**कूष्माण्ड**] १ कुष्माण्डी-फल, कोहला ; (पि ७६; ८६; १२७) । २ न. देव-विमान-विशेष ; (ती ५६) । ३ पुं. व्यन्तर-श्रेणीय देव-जाति-विशेष ; (पव १६४) ।

कोहंडी स्त्री [**कूष्माण्डी**] कोहले का गाछ ; (हे १, १२४ ; दे २, ५० टी) ।

कोहण वि [**क्रोधन**] १ क्रोधी, गुस्साखोर ; (सम ३७ ; पउम ३५, ७) । २ पुं. इस नाम का रावण का एक सुभट; (पउम ५६, ३२) ।

कोहल देखो **कुऊहल** ; (हे १, १७१) ।

कोहलिअ वि [**कुतूहलिन्**] कुतूहली ; कुतूहल-प्रेमी । स्त्री— °**आ**; (गा ७६८) ।

कोहलिआ स्त्री [**कूष्माण्डिका**] कोहले का गाछ ;
"जह लंघेसि परवइं, निययवइं भरसहंपि मोत्तूणं ।
तह मण्णे कोहलिए, अज्जं कल्लंपि फुट्टिहिसि" (गा ७६८)।

कोहली देखो **कोहंडी** ; (हे २, ७३ ; दे २, ५० टी) ।

कोहल्ल देखो **कोहल** ; (षड्) ।

कोहल्ली स्त्री [**दे**] तापिका, तवा, पचन-पात्र विशेष; (दे २, ४६) ।

कोहल्ली देखो **कोहंडी** ; (षड्) ।

कोहि } वि [**क्रोधिन्**] क्रोधी, क्रोध-स्वभावी, गुस्सा-
कोहिल्ल } खोर ; (कम्म ४, १४० ; बृह २) ।

°**क्किसिय** देखो **किसिय**=कृषित ; (उप ७२८ टी) ।

°**क्कूर** देखो **कूर**=क्रूर ; (वा २६) ।

°**क्केर** देखो °**केर** ; (हे २, ६६) ।

°**क्खंड** देखो **खंड** ; (गउड) ।

°**क्खंभ** देखो **खंभ** ; (से ३, ५६) ।

°**क्खम** देखो **खम** ; (प्रासू २७) ।

°**क्खलण** देखो **खलण** ; (गउड) ।

°**क्खिंसा** देखो **खिंसा** ; (सुपा ५१०) ।

°**क्खु** देखो **खु** ; (कप्पू ; अभि ३७ ; चारु १४) ।

°**क्खुत्त** देखो **खुत्त** ; (गउड) ।

°**क्खेड्ड** देखो **खेड्ड** ; (सुपा ५५२) ।

°**क्खेव** देखो **खेव**; " खारक्खेवं व खए" (उप ७२८ टी) ।

°**क्खोडी** देखो **खोडी** ; (पगह १, ३) ।

इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवे कयाराइसद्दसंकलणो
दसमो तरंगो समत्तो ।

ख

ख पुं [**ख**] १ व्यञ्जन-वर्ण विशेष, इसका स्थान कण्ठ है ; (प्रामा ; प्राप)। २ न. आकाश, गगन ; " गज्जंते खे मेहा," (हे १, १८७ ; कुमा ; दे ६, १२१)। ३ इन्द्रिय ; (विसे ३४४३)। °**ग** पुं [°**ग**] १ पक्षी, खग ; (पाअ ; दे २, ५०)। २ मनुष्य की एक जाति, जो विद्या के बल से आकाश में गमन करते हैं, विद्याधर-लोक ; (आरा ५६)। देखो **खय**=खग। °**गइ** स्त्री [°**गति**] १ आकाश-गति ; २ कर्म-विशेष, जो आकाश-गति का कारण है ; (कम्म २, ३; नव ११)। °**गामिणी** स्त्री [°**गामिनी**] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से आकाश में गमन किया जा सकता है ; (पउम ७, १४५)। °**पुप्फ** न [°**पुष्प**] आकाश-कुसुम, असंभवित वस्तु; (कुमा)।

खइ वि [**क्षयिन्**] १ क्षय वाला, नाश वाला। २ क्षय रोग वाला, क्षय-रोगी ; (सुपा २३३ ; ५७६)।

खइअ वि [**क्षपित**] नाशित, उन्मूलित ; (औप ; भवि)।

खइअ वि [**खचित**] १ व्याप्त, जटित ; २ मण्डित, विभूषित ; (हे १, १९३ ; औप ; स ११४)।

खइअ वि [**खादित**] १ खाया हुआ, भुक्त, ग्रस्त ; (पाअ ; स २५० ; उप पृ ४६)। २ आक्रान्त ; " तह य होंति उ कसाया। खइओ जेहिं मणुस्सो कज्जाकज्जाइं न मुणेइ " (स ११४)। ३ न. भोजन, भक्षण ; "खइएण व पीएण व न य एसो ताइओ हवइ अप्पा" (पञ्च ६२ ; ठा ४, ४—पत्र २७६)।

खइअ वि [**क्षयित**] क्षय-प्राप्त, क्षीण ; "किमिकायखइय-देहो " (सुर १६, १६१)।

खइअ पुं [**दे**] हेवाक, स्वभाव ; (ठा ४, ४—पत्र २७६)।

खइअ) पुं [**क्षायिक**] १ क्षय, विनाश, उन्मूलन ; "से किं तं **खइग**) खइए? खइए अट्ठण्हं कम्मपयडीणं खइएणं " (अणु)। २ वि. क्षय से उत्पन्न, क्षय-संबन्धी, क्षय से संबन्ध रखने वाला; ३ कर्म-नाश से उत्पन्न ; " कम्मक्खय-सहावो खइओ ". (विसे ३४६५ ; कम्म १, १५ ; ३, १६ ; ४, २२ ; सम्य, २३ ; औप)।

खइत्त न [**क्षैत्र**] खेतों का समूह, अनेक खेत; (पि ६१)।

खइया स्त्री [**खदिका**] खाद्य-विशेष, सेका हुआ व्रीहि ; " दहियपायसखइयनिओए " (भवि)।

खइर पुं [**खदिर**] वृक्ष-विशेष, खैर का गाछ ; (आचा ; कुमा)।

खइर वि [**खादिर**] खदिर-वृक्ष-संबन्धी; (हे १, ६७; सुपा १५१)।

खइव [**दे**] देखो **खइअ** ; (ठा ४, ४—पत्र १७६ टी)।

खउड पुं [**खपुट**] स्वनाम प्रसिद्ध एक जैनाचार्य; (आवम ; आचू)।

खउर अक [**क्षुभ्**] १ क्षुब्ध होना, डर से विह्वल होना। २ सक. कलुषित करना। खउरइ; (हे ४, १५४; कुमा)। " खउरेंति धिइग्गहणं " (स ५, ३)।

खउर वि [**दे**] कलुषित ; " दरदड्ढविवण्णविद्दुमर-अक्खउरा " (स ५, ४७ ; स ५७८)।

खउर न [**क्षौर**] क्षौर-कर्म, हजामत ; (हेका १८६)।

खउर पुंन [**खपुर**] खैर वगैरः का चिकना रस, गोंद ; (बृह ३ ; निचू १६)। °**कढिणय** न [°**कठिनक**] तापसों का एक प्रकार का पात्र ; (विसे १४६५)।

खउरिअ वि [**क्षुब्ध**] कलुषित ; (पाअ ; बृह ३)।

खउरिअ वि [**क्षौरित**] मुण्डित, लुञ्चित, केश-रहित किया हुआ ; (स १०, ४३)।

खउरिअ वि [**खपुरित**] खरण्टित, चिपकाया हुआ; (निचू५)।

खउरीकय वि [**खपुरीकृत**] गोंद वगैरः की तरह चिकना किया हुआ ;

"कलुसीकओ य किट्टीकओ य खउरीकओ य मलिणिओ।
कम्मेहि एस जीवो, नाऊणवि मुज्झई जेण" (उव)।

खओवसम पुं [**क्षयोपशम**] कुछ भाग का विनाश और कुछ का दबना ; (भग)।

खओवसमिय वि [**क्षयोपशमिक**] १ क्षयोपशम से उत्पन्न, क्षयोपशम-संबन्धी ; (सम १४५ ; ठा २,१; भग)। २ क्षया-पशम ; (भग ; विसे २१७५)।

खंखर पुं [**दे**] पलाश वृक्ष ; (ती ५३)।

खंगार पुं [**खङ्गार**] राजा खेंगार, विक्रम की बारहवीं शताब्दी का सौराष्ट्र देश का एक भूपति, जिसको गूजरात के राजा सिद्धराज ने मारा था ; (ती ५)। °**गढ** पुं [°**गढ**] नगर-विशेष, सौराष्ट्र का एक नगर, जो आजकल 'जूनागढ़' के नाम से प्रसिद्ध है ; (ती ५)।

खंच सक [**कृष्**] १ खींचना। २ वश में करना। खंचइ ; (भवि)। "ता गच्छ तुरियतुरियं तुरयं मा खंच मुंच मुक्क-लयं" (सुपा १६८)।

खंचिय वि [**कृष्ट**] १ खींचा हुआ ; (स ५७४)। २ वश में किया हुआ ; (भवि)।

खंज अक [**खञ्ज्**] लंगड़ा होना ; (कप्पू)।

खंज वि [**खञ्ज**] लंगड़ा, पङ्गु, लूला ; (सुपा २७६)।

खंजण पुं [**खञ्जन**] १ पक्षि-विशेष, खञ्जरीट ; (दे २, ७०)। २ वृक्ष-विशेष ; "ताडवडखज्जखंजणसुक्खयरगहीर-दुक्खसंचारे" (स २५६)।

खंजण पुं [**दे**] १ कर्दम, कीच ; (दे २,६६ ; पात्र)। २ कज्जल, काजल, मषी ; (ठा ४,२)। ३ गाड़ी के पहिए के भीतर का काला कीच ; (पण्ण १७—पत्र ५२५)।

खंजर पुं [**दे**] सूखा हुआ पेड़ ; (दे २, ६८)।

खंजा स्त्री [**खञ्जा**] छन्द-विशेष ; (पिंग)।

खंजिअ त्रि [**खञ्जित**] जो लंगड़ा हुआ हो, पंगूभूत ; (कप्पू)।

खंड सक [**खण्डय्**] तोड़ना, टुकड़ा करना, विच्छेद करना। खंडइ; (हे ४,३६७)। कवकृ—**खंडिज्जंत**; (से १३,३२ ; सुपा १३४)। हेकृ—**खंडित्तए**; (उवा)। कृ —**खंडियव्व**; (उप ७२८ टी)।

खंड पुंन [**खण्ड**] १ टुकड़ा, अंश, हिस्सा ; (हे २,६७; कुमा)। २ चीनी, मिश्री ; (उर ६,८)। ३ पृथ्वी का एक हिस्सा ; "छक्खंड—" (सण)। °**घडग** पुं [°**घटक**] भिक्षुक का जल-पात्र ; (णाया १, १६)। °**प्पवाया** स्त्री [°**प्रपाता**] वैताढ्य पर्वत की एक गुफा ; (ठा २,३)। °**भेय** पुं [°**भेद**] विच्छेद-विशेष, पदार्थ का एक तरह का पृथक्करण, पटके हुए घड़े की तरह पृथग्भाव ; (भग ५, ४)। °**मल्लय** पुंन [°**मल्लक**] भिक्षा-पात्र ; (णाया १, १६)। °**सो** अ [°**शस्**] टुकड़ा टुकड़ा, खण्ड-खण्ड ; (पि ५१६)। °**भेय** देखो °**भेय** ; (ठा १०)।

खंड न [**दे**] १ मुण्ड, शिर, मस्तक ; २ दारू का बरतन, मद्य-पात्र ; (दे २, ६८)।

खंडई स्त्री [**दे**] असती, कुलटा ; (दे २,६७)।

खंडग न [**खण्टक**] शिखर-विशेष ; (ठा ६ ; इक)।

खंडण न [**खण्डन**] १ विच्छेद, भञ्जन, नाश ; (णाया १, ८)। २ कण्डन, धान्य वगैरः का छिलका अलग करना ; "खंडणदलणाइं गिहकम्मे" (सुपा १४)। ३ वि. नाश करने वाला, नाशक ; (सुपा ४३२)।

खंडणा स्त्री [**खण्डना**] विच्छेद, विनाश; (कप्पू; निचू १)।

खंडपट्ट पुं [**खण्डपट्ट**] १ द्यूतकार, जूआरी; (विपा १,३)। २ धूर्त, ठग; ३ अन्याय से व्यवहार करने वाला; (विपा १,३)।

खंडरक्ख पुं [**खण्डरक्ष**] १ दाण्डपाशिक, कोटवाल; (णाया १,१ ; पण्ह १,३ ; औप)। २ शुल्कपाल, चुंगी वसूल करने वाला ; (णाया १,१ ; विसे १३६० ; औप)।

खंडव न [**खाण्डव**] इन्द्र का वन-विशेष, जिसको अर्जुन ने जलाया बतलाया जाता है ; (नाट — वेणी ११४)।

खंडा स्त्री [**खण्ड**] मिश्री, चीनी, सक्कर ; (ओघ ३७३)।

खंडा स्त्री [**खण्डा**] इस नाम की एक विद्याधर-कन्या ; (महा)।

खंडाखंडि अ [**खण्डशस्**] टुकड़े टुकड़ा, खण्डखण्ड ; (उवा ; णाया १,६)। °**डीकय** वि [°**कृत**] टुकड़े टुकड़ा किया हुआ ; (सुर १६, ५६)।

खंडामणिकंचण न [**खण्डामणिकाञ्चन**] इस नाम का एक विद्याधर-नगर ; (इक)।

खंडावत्त न [**खण्डावर्त्त**] इस नाम का एक विद्याधर-नगर ; (इक)।

खंडाहंड वि [**खण्डखण्ड**] टुकड़े टुकड़ा किया हुआ ; (सुपा ३८५)।

खंडिअ पुं [**खण्डिक**] छात्र, विद्यार्थी ; (औप)।

खंडिअ वि [**खण्डित**] छिन्न, विछिन्न; (हे १, ५३ ; महा)।

खंडिअ पुं [**दे**] १ मागध, बिरुद-पाठक ; २ वि. अनिवार, निवारण करने को अशक्य ; (दे २, ७८)।

खंडिआ स्त्री [**खण्डिका**] खण्ड, टुकड़ा ; (अभि ६२)।

खंडिआ स्त्री [**दे**] नाप-विशेष, बीस मन का नाप ; (सं २४)।

खंडी स्त्री [**दे**] १ अपद्वार, छोटा गुप्त द्वार ; (णाया १, १८—पत्र २३६)। २ किले का छिद्र; (णाया १, २—पत्र ७६)।

खंडुअ न [**दे**] बाहु-वलय, हाथ का आभूषण-विशेष ; (मृच्छ १८१)।

खंत देखो **खा**।

खंत वि [**क्षान्त**] क्षमा-शील, क्षमा-युक्त; (उप ३२० टी; कप्पू; भवि)।

खंतव्व वि [**क्षन्तव्य**] क्षमा-योग्य, माफ करने लायक; (विक ३८; भवि)।

खंति स्त्री [**क्षान्ति**] क्षमा, क्रोध का अभाव; (कप्प; महा; प्रासू ४८)।

खंति देखो **खा**।

खंद पुं [**स्कन्द**] १ कार्त्तिकेय, महादेव का एक पुत्र; (हे २, ५; प्राप्र; णाया १,१—पत्र ३६)। २ रा... नाम का एक सुभट ; (पउम ६७, ११)। °**कुमार** पुं [°**कुमार**] एक जैन मुनि ; (उव)। °**ग्गह** पुं [°**ग्रह**] १ स्कन्द-कृत उपद्रव; स्कन्दावेश; (जं २)। २ ज्वर-विशेष ; (भग ३, ६)। °**मह** पुं [°**मह**] स्कन्द का उत्सव ; (णाया १,१)। °**सिरी** स्त्री [°**श्री**] एक चोर-सेनापति की भार्या का नाम ; (विपा १, ३)।

खंदग } पुं [**स्कन्दक**] १-२ ऊपर देखो । ३ एक जैन **खंदय** } मुनि ; (उव ; भग ; अंत ; सुपा ४०८)। ४ एक परिव्राजक, जिसने भगवान् महावीर के पास पीछे से जैन दीक्षा ली थी ; (पुप्फ ८४)।

खंदिल पुं [**स्कन्दिल**] एक प्रख्यात जैनाचार्य, जिसने मथुरा में जैनागमों को लिपि-बद्ध किया; (गच्छ १)।

खंध पुं [**स्कन्ध**] १ पुद्गल-प्रचय, पुद्गलों का पिण्ड ; (कम्म ४, ६६)। २ समूह, निकर ; (विसे ६००)। ३ कन्धा, काँध ; (कुमा)। ४ पेड़ का धड़, जहां से शाखा निकलती है ; (कुमा)। ५ छन्द-विशेष ; (पिंग)। °**करणी** स्त्री [°**करणी**] साध्वीओं को पहनने का उप-करण-विशेष ; (ओघ ६७७)। °**मंत** वि [°**मत्**] स्कन्ध वाला ; (णाया १, १)। °**बीय** पुं [°**बीज**] स्कन्ध ही जिसका बीज होता है ऐसा कदली वगैरः गाछ ; (ठा ५, २)। °**सालि** पुं [°**शालिन्**] व्यन्तर देवों की एक जाति ; (राज)।

खंधग्गि पुं [**दे. स्कन्धाग्नि**] स्थूल काष्ठों की आग; (दे २, ७० ; पाअ)।

खंधमंस पुं [**दे**] हाथ, भुजा, बाहु ; (दे २, ७१)।

खंधमसी स्त्री [**दे**] स्कन्ध-यष्टि, हाथ ; (षड्)।

खंधय देखो **खंध** ; (पिंग)।

खंधयट्ठि स्त्री [**दे**] हाथ, भुजा ; (दे २, ७१)।

खंधर पुंस्त्री [**कन्धर**] ग्रीवा, डोक; (सण)। स्त्री—°**रा**; (महा)।

खंधलट्ठि स्त्री [**दे**] स्कन्ध-यष्टि, हाथ, भुजा ; (षड्)।

खंधवार देखो **खंधावार**; (महा)।

खंधार पुं. ब. [**स्कन्धार**] देश-विशेष ; (पउम ६८, ६६)।

खंधार देखो **खंधावार** ; (पउम ६६, २८ ; महा ; विसे २४४१)।

खंधाल वि [**स्कन्धमत्**] स्कन्ध वाला ; (सुपा १२६)।

खंधावार पुं [**स्कन्धावार**] छावनी, सैन्य का पड़ाव, शिबिर ; (णाया १, ८ ; स ६०३ ; महा)।

खंधि वि [**स्कन्धिन्**] स्कन्ध वाला ; (औप)।

खंधी स्त्री. देखो **खंध** ; (औप)।

खंधोधार पुं [**दे**] बहुत गरम पानी की धारा ; (दे २, ७२)।

खंप सक [**सिच्**] सिञ्चना, छिटकना। खंपइ ; (भवि)।

खंपणय न [**दे**] वस्त्र, कपड़ा ; "बहुसेयसिन्नमलमइलखंपणय-चिक्कणसरीरो" (सुपा ११)।

खंभ पुं [**स्तम्भ**] खंभा, थंभा ; (हे १, १८७ ; २, ४; ६ ; भग ; महा)।

खंभल्लिअ वि [**स्तम्भनिगडित**] खंभे से बाँधा हुआ ; (से ६, ८५)।

खंभाइत्त न [**स्तम्भादित्य**] गूर्जर देश का एक प्राचीन नगर, जो आजकल 'खंभात' नाम से प्रसिद्ध है ; (ती २३)।

खंभालण न [**स्तम्भालगन**] थम्भे से बाँधना ; (पण्ह १, ३)।

खक्खरग पुंन [**दे**] सूखी हुई रोटी ; (धर्म २)।

खग्ग पुं [**खड्ग**] १ पशु-विशेष, गेंडा ; (उप १४८ ; पण्ह १, १)। २ पुंन. तलवार, असि ; (हे १, ३४ ; स ५३१)। °**धेणुआ** स्त्री [°**धेनु**] छुरी, चाकू ; (दंस)। °**पुरा** स्त्री [°**पुरा**] विदेह-वर्ष की स्वनाम-प्रसिद्ध नगरी ; (ठा २, ३)। °**पुरी** स्त्री [°**पुरी**] पूर्वोक्त ही अर्थ ; (इक)।

खग्गि पुं [**खड्गिन्**] जन्तु-विशेष, गेंड़ा ; (कुमा)।

खग्गिअ पुं [**दे**] ग्रामेश, गाँव का मुखिया ; (दे २, ६६)।

खग्गी स्त्री [**खड्गी**] विदेह वर्ष की नगरी-विशेष ; (ठा २, ३)।

खग्गूड वि [**दे**] १ शठ-प्राय, धूर्त-सदृश ; (ओघ ३६ भा)। २ धर्म-रहित, नास्तिक-प्राय ; (ओघ ३५ भा)। ३ निद्रालु ; ४ रस-लम्पट ; (बृह १)।

खच सक [**खच्**] १ पावन करना, पवित्र करना । २ कस कर बाँधना । खचइ ; (हे ४, ८६)।

खचिअ देखो **खइअ**=खचित ; (कुमा)। ३ पिञ्जरित ; (कप्प)।

खच्चल्ल पुं [**दे**] ऋच्छ, भल्लूक, भालू ; (दे २, ६६)।

खच्चोल पुं [**दे**] व्याघ्र, शेर ; (दे २, ६६)।

खज्ज पुं [**खर्ज**] वृक्ष-विशेष ; (स २५६)।
खज्ज वि [**खाद्य**] १ खाने योग्य वस्तु; (पण्ह १, २)। २ न. खाद्य-विशेष ; (भवि)।
खज्ज वि [**क्षय्य**] जिस का क्षय किया जा सके वह; (षड्)।
खज्जंत देखो **खा**।
खज्जग देखो **खज्ज**=खाद्य ; (भग १५)।
खज्जमाण देखो **खा**।
खज्जय देखो **खज्ज**=खाद्य ; (पउम ६६, १६)।
खज्जिअ वि [**दे**] १ जीर्ण, सड़ा हुआ ; २ उपालब्ध, जिसको उलहना दिया गया हो वह ; (दे २, ७८)।
खज्जिर (अप) वि [**खाद्यमान**] जो खाया गया हो वह ; (सण)।
खज्जू स्त्री [**खर्जू**] खुजली, पामा; (राज)।
खज्जूर पुं [**खर्जूर**] १ खजूर का पेड़; (कुमा ; उत्त ३४)। २ न. खजूर-फल ; (पउम ४१, ६ ; सुपा ५७)।
खज्जूरी स्त्री [**खर्जूरी**] खजूर का गाछ; (पाअ; पण्ण १)।
खज्जोअ पुं [**दे**] नक्षत्र ; (दे २, ६६)।
खज्जोअ पुं [**खद्योत**] कीट-विशेष, जुगनू ; (सुपा ४७ ; गाया १, ८)।
खट्ट न [**दे**] १ तीमन, कढ़ी ; (दे २, ६७)। २ वि. खट्टा, अम्ल ; (पण्ण १ —पत्र २७ ; जीव १)। °**मेह** पुं [°**मेघ**] खट्टे जल की वर्षा; (भग ७, ६)।
खट्टंग न [**दे**] छाया, आतप का अभाव ; (दे २, ६८)।
खट्टंग न [**खट्वाङ्ग**] १ शिव का एक आयुध; (कुमा)। २ चारपाई का पाया या पाटी ; ३ प्रायश्चित्तात्मक भिक्षा माँगने का एक पात्र ; ४ तान्त्रिक मुद्रा-विशेष ;

"हत्थट्ठियं कवालं, न मुयइ नूणं खणंपि खट्टंगं।
सा तुह विरहे बालय, बाला कावालिणी जाया"
(वज्जा ८८)।

खट्टक्खड पुं [**खट्वाक्षक**] रत्नप्रभा-नामक पृथिवी का एक नरकावास ; "कालं काऊण रयणप्पभाए पुढवीए खट्टक्खडाभिहाणे नरए पलिओवमाऊ चेव नारगो उववन्नोत्ति" (स ८६)।
खट्टा स्त्री [**खट्वा**] खाट, पलंग, चारपाई; (सुपा ३३७; हे १, १६५)। °**मल्ल** पुं [°**मल्ल**] बिमारी की प्रबलता से जो खाट से उठ न सकता हो वह ; (बृह १)।
खट्टिअ } [**दे. खट्टिक**] खटीक, शौनिक, कसाई; (गा
खट्टिक्क } ६८२ ; सुअ २, २ ; दे २, ७०)।
खड न [**दे**] तृण, घास ; (दे २, ६७ ; कुमा)।
खडइअ वि [**दे**] संकुचित, संकोच-प्राप्त ; (दे २, ७२)।
खडंग न [**षडङ्ग**] छः अंग, वेद के ये छः अंग—शिक्षा, कल्प, व्याकरण, ज्योतिष, छन्द, निरुक्त। °**वि** वि [°**वित्**] छहों अंगों का जानकार ; (पि २६५)।
खडक्कय पुंन [**खटत्कृत**] आहट देना, ध्वनि के द्वारा सूचना, भिकली वगैरः का आवाज; 'वियडकवाडकडाणं खडक्कओ निसुणिओ तत्तो" (सुपा ४१४)।
खडक्कार पुं [**खटत्कार**] ऊपर देखो; (सुर ११, ११२; विक्र ६०)।
खडक्किआ } स्त्री [**दे**] खिडकी, छोटा द्वार ; (कप्पू;
खडक्की } महा ; दे २, ७१)।
खडखड पुं [**खडखड**] देखो **खाडखड** ; (इक)।
खडखडग वि [**दे**] छोटा और लम्बा ; (राज)।
खडणा स्त्री [**दे**] गैया, गौ ; (गा ६३६ अ)।
खडहड पुं [**खटखट**] साँकल वगैरः का आवाज, खटत्कार ; (सुपा ५०२)।
खडहडी स्त्री [**दे**] जन्तु-विशेष, गिलहरी, गिल्ली: (दे २,७२)।
खडिअ देखो **खट्टिअ** ; (गा ६८२ अ)।
खडिअ देखो **खलिअ** ; (गा १६२ अ)।
खडिआ स्त्री [**खटिका**] खड़ी, लड़कों को लिखने की खड़ी; (कप्पू)।
खडी स्त्री [**खटी**] ऊपर देखो ; (प्राकृ)।
खडुआ स्त्री [**दे**] मौक्तिक, मोती ; (दे २, ६८)।
खडुक्क अक [**आविस्+भू**] प्रकट होना, उत्पन्न होना। खडुक्कंति ; (वज्जा ४६)।
खड्ड सक [**मृद्**] मर्दन करना। खड्डइ ; (हे ४, १२६)।
खड्ड } न [**दे**] १ श्मश्रु, दाढी-मूँछ; (दे २, ६६ ;
खड्डग } पाअ)। २ बड़ा, महान् ; (विसे २५७६ टी)। ३ गर्त के आकार वाला ; (उवा)।
खड्डा स्त्री [**दे**] १ खानि, आकर ; (दे २, ६६)। २ २ पर्वत का खात, पर्वत का गर्त; (दे २, ६६)। ३ गर्त्त, गढ़ा, खड्डा ; (सुर २, १०३ ; स १५२ ; सुपा १५ ; श्रा १६ ; महा ; उत्त २ ; पंचा ७)।
खड्डिअ वि [**मृदित**] जिसका मर्दन किया गया हो वह ; (कुमा)।
खड्डुया स्त्री [**दे**] ठोकर, आघात ; " खड्डुया मे चवेडा मे" (उत्त १, ३८)।

खड्डोलय पुं [**दे**] खड्डा, गर्त्त, गढ़ा ; (स ३६३)।
खण सक [**खन्**] खोदना। खणइ ; (महा)। कर्म—खम्मइ, खणिज्जइ ; (हे ४, २४४) । वकृ—खणेमाण ; (सुर २, १०३) । संकृ —**खणेत्तु** ; (आचा) । कवकृ—**खन्नमाण** ; (पि ५४०) ।
खण पुं [**क्षण**] काल-विशेष, बहुत थोड़ा समय ; (ठा २, ४ ; हे २, २०; गउड; प्रासू १३४)। °**जोइ** वि [°**योगिन्**] क्षणमात्र रहने वाला ; (सुअ १, १, १) । °**भंगुर** वि [°**भङ्गुर**] क्षण-विनश्वर, क्षणिक ; (पउम ८, १०५ ; गा ४२३ ; भवि ११४) । °**या** स्त्री [°**दा**] रात्रि, रात ; (उप ७६८ टी) ।
खणक्खण } अक [**खणखणाय्**] 'खण-खण' आवाज
खणखणखण } करना । खणखणंति ; (पउम ३६, ५३)। वकृ—**खणक्खणंत** ; (स ३८४) ।
खणग वि [**खनक**] खोदने वाला ; (णाया १, १८) ।
खणण न [**खनन**] खोदना ; (पउम ८६, ६०; उप पृ २२१)।
खणय देखो **खण** = क्षण ; (आचा; उवा) ।
खणय वि [**खनक**] खोदने वाला ; (दे १, ८५) ।
खणाविय वि [**खानित**] खुदाया हुआ; (सुपा ४५४; महा)।
खणि स्त्री [**खनि**] खान, आकर ; (सुपा ३५०) ।
खणित्त न [**खनित्र**] खोदने का अस्त्र, खन्ती; (दे ४, ४)।
खणिय वि [**क्षणिक**] १ क्षण-विनश्वर, क्षण-भंगुर ; (विसे १६७२) । २ वि. फुरसद वाला, काम-धंधा से रहित ; "नो तुम्हे विव अम्हे खणिया इय वुत्तु नीहरिओ" (धम्म ८ टी)। °**वाइ** वि [°**वादिन्**] सर्व पदार्थ को क्षण-विनश्वर मानने वाला, बौद्धमत का अनुयायी ; (राज) ।
खणिय वि [**खनित**] खुदा हुआ ; (सुपा २५६) ।
खणी देखो **खणि** ; (पाअ) ।
खणुसा स्त्री [**दे**] मन का दुःख, मानसिक पीड़ा; (दे २, ६८)।
खण्ण न [**दे**] खात, खोदा हुआ ; (दे २, ६६; बृह ३ ; वव १) ।
खण्ण वि [**खन्य**] खोदने योग्य ; (दे २, ३६) ।
खण्णु देखो **खाणु** ; (दे २, ६६ ; षड्) ।
खण्णुअ पुं [**दे. स्थाणुक**] कीलक, खोंटी ; (दे २, ६८; गा ६४ ; ४२२ अ) ।
खत्त न [**दे**] १ खात, खोदा हुआ ; (दे २, ६६ ; पाअ)। २ शस्त्र से तोड़ा हुआ ; (ओघ ३४०) । ३ सेंध, चोरी करने के लिए दीवाल में किया हुआ छेद ; (उप पृ ११६ ; णाया १, १८) । ४ खाद, गोवर ; (उप ५६७ टी) । °**खणग** पुं [**खनक**] सेंध लगाकर चोरी करने वाला ; (णाया १,१८)। °**खणण** न [**खनन**] सेंध लगाना; (णाया १, १८)। °**मेह** पुं [**मेघ**] करीष के समान रस वाला मेघ ; (भग ७, ६) ।
खत्त पुं [**क्षत्र**] क्षत्रिय, मनुष्य-जाति-विशेष; (सुपा १६७; उत्त १२) ।
खत्त वि [**क्षात्र**] १ क्षत्रिय-संबन्धी, क्षत्रिय का ; २ न. क्षत्रियत्व, क्षत्रियपन ; "अहह अखत्तं करेइ कोइ इमो" (धम्म ८ टी ; नाट) ।
खत्तय पुं [**दे**] १ खेत खोदने वाला ; २ सेंध लगाकर चोरी करने वाला । ३ ग्रह-विशेष, राहु ; (भग १२, ६)।
खत्ति पुंस्त्री [**क्षत्रिन्**] नीचे देखो; "खत्तीण सेट्ठे जह दंतवक्के" (सुअ १, ६, २२) ।
खत्तिअ पुंस्त्री [**क्षत्रिय**] मनुष्य की एक जाति, क्षत्री, राजन्य ; (पिंग ; कुमा ; हे २, १८५ ; प्रासू ८०) । °**कुंडग्गाम** पुं [°**कुण्डग्राम**] नगर-विशेष, जहां श्रीमहावीर देव का जन्म हुआ था ; (भग ६, ३३) । °**कुंडपुर** न [°**कुण्डपुर**] पूर्वोक्त ही अर्थ ; (आचा २, १५, ४)। °**विज्जा** स्त्री [°**विद्या**] धनुर्विद्या ; (सुअ २, २) ।
खत्तिणी } स्त्री [**क्षत्रियाणी**] क्षत्रिय जाति की स्त्री;
खत्तियाणी } (पिंग ; कप्प) ।
खद्ध वि [**दे**] १ भुक्त, भक्षित ; (दे २, ६७; सुपा ६१० ; उप पृ २५२ ; सण ; भवि) । २ प्रचुर, बहुत ; "खद्धे भवदुक्खजले तरइ विणा नेय सुगुरुतरिं" (सार्ध ११४ ; दे २, ६७ ; पव २ ; बृह ४) । ३ विशाल, बड़ा ; (ओघ ३०७; ठा ३, ४) । ४ अ. शीघ्र, जल्दी ; (आचा २, १, ६) । °**दाणिअ** वि [°**दानिक**] समृद्ध, ऋद्धि-संपन्न ; (ओघ ८६) ।
खन्न [**दे**] देखो **खण्ण** ; (पाअ) ।
खन्नमाण देखो **खण**=खन् ।
खन्नुअ [**दे**] देखो **खण्णुअ** ; (पाअ) ।
खपुसा स्त्री [**दे**] एक प्रकार का जूता ; (बृह ३) ।
खप्पर पुं [**कर्पर**] १ मनुष्य-जाति-विशेष ; "पत्ते तम्मि दसण्णगेसु पवलं जं खप्पराणं बलं" (रंभा) । २ भिक्षा-पात्र, कपाल ; (सुपा ४६५) । ३ खोपड़ी, कपाल ; (हे १, १८१) । ४ घट वगैरः का टुकड़ा ; (पउम २०, १६६) ।

खप्पर } वि [**दे**] रूक्ष, रूखा, निष्ठुर ; (दे २, ६६ ;
खप्पुर } पात्र)।

खम सक [**क्षम्**] १ क्षमा करना, माफ करना। २ सहन करना। **खमइ** ; (उवर ८३; महा)। कर्म—**खमिज्जइ** ; (भवि)। कृ—**खमियव्व**; (सुपा ३०७; उप ७२८ टी; सुर ४, १६७)। प्रयो—**खमावइ** ; (भवि)। संकृ—**खमावइत्ता, खमावित्ता** ; (पडि ; काल)। कृ—**खमावियव्व** ; (कप्प)।

खम वि [**क्षम**] १ उचित, योग्य ; "सचित्तो आहारो न खमो मणसा वि पत्थेउं" (पच्च ५४ ; पात्र)। २ समर्थ, शक्तिमान् ; (दे १, १७ ; उप ६५० ; सुपा ३)।

खमग पुं [**क्षमक, क्षपक**] तपस्वी जैन साधु ; (उप पृ ३६२ ; ओघ १४० ; भत्त ४४)।

खमण न [**क्षपण, क्षमण**] १ उपवास ; (बृह १ ; निचू २०)। २ पुं. तपस्वी जैन साधु ; (ठा १०—पत्र ५१४)।

खमय देखो **खमग** ; (ओघ ५६४; उप ४८६; भत्त ४०)।

खमा स्त्री [**क्षमा**] १ पृथिवी, भूमि ; "उव्वूढखमाभारो" (सुपा ३४८)। २ क्रोध का अभाव, क्षान्ति ; (हे २, १८)। °**वइ** पुं [°**पति**] राजा, नृप, भूपति ; (धर्म १६)। °**समण** पुं [°**श्रमण**] साधु, ऋषि, मुनि ; (पडि)। °**हर** पुं [°**धर**] १ पर्वत, पहाड़ ; २ साधु, मुनि ; (सुपा ६२६)।

खमावणया } स्त्री [**क्षमणा**] खमाना, माफी माँगना ;
खमावणा } (भग १७, ३ ; राज)।

खमाविय वि [**क्षमित**] माफ किया हुआ ; (हे ३, १५२ ; सुपा ३६४)।

खम्मक्खम पुं [**दे**] १ संग्राम, लड़ाई ; २ मन का दुःख ; ३ पश्चात्ताप का नीसास ; (दे २, ७६)।

खय देखो **खच**। **खअइ** ; (षड्)।

खय अक [**क्षि**] क्षय पाना, नष्ट होना। **खअइ** ; (षड्)।

खय देखो **ख-ग** ; (पात्र)। ३ आकाश तक ऊँचा पहुँचा हुआ ; (से ६, ४२)। °**राय** पुं [°**राज**] पक्षियों का राजा ; गरुड़-पक्षी ; (पात्र)। °**वइ** पुं [°**पति**] गरुड़-पक्षी ; (से १५, ५०)।

खय न [**क्षत**] १ व्रण, घाव ; "खारक्खेवं व खए" (उप ७२८ टी)। २ व्रणित, घवाया हुआ ; "सुणओव्व कीडखओ" (श्रा १४ ; सुपा ३४६ ; सुर १२, ६१)। °**यार** पुंस्त्री [°**चार**] शिथिलाचारी साधु या साध्वी ; (वव ३)।

खय वि [**खात**] खोदा हुआ ; (पउम ६१, ४२)।

खय पुं [**क्षय**] १ क्षय, प्रलय, विनाश ; (भग ११, ११)। २ रोग-विशेष, राज-यक्ष्मा ; (लहुअ १५)। °**कारि** वि [°**कारिन्**] नाश-कारक ; (सुपा ६५५)। °**काल,** °**गाल** पुं [°**काल**] प्रलय-काल ; (भवि; हे ४, ३७७)। °**ग्गि** पुं [°**ग्नि**] प्रलय-काल की आग ; (स १२, ८१)। °**नाणि** पुं [°**ज्ञानिन्**] केवलज्ञानी, परिपूर्ण ज्ञान वाला, सर्वज्ञ ; (विसे ५१८)। °**समय** पुं [°**समय**] प्रलय-काल ; (लहुअ २)।

खयंकर वि [**क्षयकर**] नाश-कारक ; (पउम ७, ८१ ; ६६, ३४ ; पुप्फ ८२)।

खयंतकर वि [**क्षयान्तकर**] नाश-कारक ; (पउम ७, १७०)।

खयर पुंस्त्री [**खचर**] १ आकाश में चलने वाला, पक्षी ; (जो २०)। २ विद्याधर, विद्या बल से आकाश में चलने वाला मनुष्य ; (सुर ३, ८८; सुपा २४०)। °**राय** पुं [°**राज**] विद्याधरों का राजा ; (सुपा १३४)।

खयर देखो **खइर**=खदिर ; (अंत १२ ; सुपा ५६३)।

खयाल पुंन [**दे**] वंश-जाल, बाँस का वन ; (भवि)।

खर अक [**क्षर्**] १ झरना, टपकना। २ नष्ट होना। **खरइ** ; (विसे ४५५)।

खर वि [**खर**] १ निष्ठुर, रूखा, परुष, कठोर ; (सुर २, ६ ; दे २, ७८ ; पात्र)। २ पुंस्त्री. गर्दभ, गधा ; (पण्ह १, १ ; पउम ५६, ४४)। ३ पुं. छन्द-विशेष ; (पिंग)। ४ न. तिल का तैल ; (ओघ ४०६)। °**कंट** न [°**कण्ट**] बबूल वगैरः की शाखा ; (ठा ३, ४)। °**कंड** न [°**काण्ड**] रत्नप्रभा पृथिवी का प्रथम काण्ड—अंश-विशेष ; (जीव ३)। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] जिसमें अनेक जीवों की हानि होती हो ऐसा काम, निष्ठुर धंधा ; (सुपा ५०५)। °**कम्मिअ** वि [°**कर्मिन्**] १ निष्ठुर कर्म करने वाला ; २ कोटवाल, दाण्डपाशिक ; (ओघ २१८)। °**किरण** पुं [°**किरण**] सूर्य, सूरज ; (पिंग ; सण)। °**दूसण** पुं [°**दूषण**] इस नाम का एक विद्याधर राजा, जो रावण का बनोई था ; (पउम १०, १७)। °**नहर** पुं [°**नखर**] श्वापद जन्तु, हिंसक प्राणी ; (सुपा १३६; ४७४)। °**निस्सण** पुं [°**निःस्वन**] इस नाम का रावण का एक सुभट ; (पउम ५६, ३०)। °**मुह** पुं [°**मुख**] १ अनार्य देश-विशेष ; २ अनार्य देश-विशेष

का निवासी ; (पण्ह १, ४) । °मुही स्त्री [°मुखी] १ वाद्य-विशेष; (पउम ५७, २३; सुपा ५०; औप) । २ नपुंसक दासी ; (वव ६) । °यर वि [°तर] १ विशेष कठोर ; (सुपा ६०६) । २ पुं. इस नाम का एक जैन गच्छ; (राज) । °सन्नय न [°संज्ञक] तिल का तैल ; (ओघ ४०६) । °साविआ स्त्री [°शाविका] लिपि-विशेष ; (सम ३५) । °स्सर पुं [°स्वर] परमाधार्मिक देवों की एक जाति ; (सम २९) ।

खर वि [क्षर] विनश्वर, अस्थायी ; (विसे ४५७) ।

खरंट सक [खरण्टय्] १ धूत्कारना, निर्भर्त्सना करना । २ लेप करना । खरंडए ; (सूक्त ४६) ।

खरंट वि [खरण्ट] १ धूत्कारने वाला, तिरस्कारक ; २ उपलिप्त करने वाला ; ३ अशुचि पदार्थ ; (ठा ४, १ ; सूक्त ४६) ।

खरंटण न [खरण्टन] १ निर्भर्त्सन, परुष भाषण; (वव १) । २ प्रेरणा ; (ओघ ४० भा) ।

खरंटणा स्त्री [खरण्टना] ऊपर देखो ; (ओघ ७५) ।

खरड सक [लिप्] लेपना, पोतना । संकृ —**खरडिवि**; (सुपा ४१५)

खरड पुं [खरट] एक जघन्य मनुष्य-जाति ; "अह केणइ खरडेणं किणिउं हट्टम्मि वरुणवणियस्स" (सुपा ३६२) ।

खरडिअ वि [दे] १ रूक्ष, रुखा ; २ भग्न, नष्ट ; (दे २, ७९) ।

खरडिअ वि [लिप्त] जिसको लेप किया गया हो वह, पोता हुआ ; (ओघ ३७३ टी) ।

खरण न [दे] बबूल वगैरः की कण्टक-मय डाली ; (ठा ४, ३) ।

खरय पुं [दे] १ कर्मकर, नौकर ; (ओघ ४३८) । २ राहु ; (भग १२, ६) ।

खरहर अक [खरखराय्] 'खर-खर' आवाज करना । वकृ— **खरहरंत** ; (गउड) ।

खरहिअ पुं [दे] पौत्र, पोता, पुत्र का पुत्र ; (दे २, ७२) ।

खरा स्त्री [खरा] जन्तु-विशेष, नकुल की तरह भुज से चलने वाला जन्तु-विशेष ; (जीव २) ।

खरिअ वि [दे] भुक्त, भक्षित ; (दे २, ६७ ; भवि) ।

खरिआ स्त्री [दे] नौकरानी, दासी ; (ओघ ४३८) ।

खरिंसुअ पुं [दे. खरिंशुक] कन्द-विशेष ; (श्रा २०) ।

खरुट्ठी स्त्री [खरोष्ट्री] देखो **खरोट्ठिआ** ; (पण्ण १) ।

खरुल्ल वि [दे] १ कठिन, कठोर ; २ स्थपुट, विषम और ऊँचा ; (दे २, ७८) ।

खरोट्ठिआ स्त्री [खरोष्ट्रिका] लिपि-विशेष ; (सम ३५) ।

खल अक [स्खल्] १ पड़ना, गिरना । २ भूलना । ३ रुकना । खलइ ; (प्राप्र) । वकृ—**खलंत, खलमाण** ; (से २, २७ ; गा ५४६ ; सुपा ६४१) ।

खल वि [खल] १ दुर्जन, अधम मनुष्य ; (सुर १, १९) । २ न. धान साफ करने का स्थान ; (विपा १, ८; श्रा १४) । °पू वि [°पू] खले को साफ करने वाला ; (कुमा ; षड् ; प्रामा) ।

खलइअ वि [दे] रिक्त, खाली ; (दे २, ७१) ।

खलक्खल अक [खलखलाय्] 'खल-खल' आवाज करना । खोलक्खलेइ ; (पि ५५८) ।

खलगंडिअ वि [दे] मत्त, उन्मत्त ; (दे २, ६७) ।

खलण न [स्खलन] १ नीचे देखो ; (आचा ; से ८, ५५ ; गा ४६६; वज्जा २६) ।

खलणा स्त्री [स्खलना] १ गिर जाना, निपतन ; (दे २, ६४) । २ विराधना, भञ्जन ; (ओघ ७८८) । ३ अटकायत, रुकावट ; "होज्जा गुणो, ण खलणं करेमि जइ अस्स वसणस्स" (उप ३३९ टी) ।

खलभलिय वि [दे] क्षुब्ध, क्षोभ-प्राप्त ; (भवि) ।

खलहर } पुं [खलखल] नदी के प्रवाह का आवाज ; "वह-
खलहल } माणवाहिणीणं दिसिदिसिसुव्वंतखलहरासद्दो" (सुर ३, ११ ; २, ७५) ।

खला अक [दे] खराब करना, नुकसान करना । "ताणवि खलो खलाइ य" (पउम ३७, ६३) ।

खलिअ वि [स्खलित] १ रुका हुआ; २ गिरा हुआ, पतित; (हे २, ७७ ; पाअ) । ३ न. अपराध, गुनाह ; ४ भूल ; (से १, ९) ।

खलिअ वि [खलिक] खल से व्याप्त, खलि-खचित ; (दे ४, १०) ।

खलिण [खलिन] १ लगाम ; (पाअ) । २ कायोत्सर्ग का एक दोष ; (पव ५) ।

खलिया स्त्री [खलिका] तिल वगैरः का तैल-रहित चूर्ण; (सुपा ४१४) ।

खलियार सक [खली+कृ] १ तिरस्कार करना, धूत्कारना । २ ठगना । ३ उपद्रव करना । खलियारसि, खलियारेंति ; (सुपा २३७ ; स ४६८) ।

खलियार पुं [**खलिकार**] तिरस्कार, निर्भर्त्सना ; (पउम ३६, ११६)।
खलियारण न [**खलीकरण**] तिरस्कार ; (पउम ३६,८४)।
खलियारणा स्त्री [**खलीकरणा**] वञ्चना, ठगाई; (स २८)।
खलियारिअ वि [**खलीकृत**] १ तिरस्कृत ; (पउम ६६, २)। २ वञ्चित, ठगा हुआ ; (स २८)।
खलिर वि [**स्खलितृ**] स्खलना करने वाला ; (वज्जा ५८ ; सण)।
खली स्त्री [**दे. खली**] तिल-पिण्डिका, तिल वगैरः का स्नेह-रहित चूर्ण ; (दे २, ६६ ; सुपा ४१५ ; ४१६)।
खलीकय देखो **खलियारिअ** ; (चउ ४४)।
खलीकर देखो **खलियार**=खली+कृ । खलीकरेइ ; (स २७)। कर्म—खलीकरीयइ, खलीकिज्जइ; (स २८ ; सण)।
खलीण न [**खलीन**] देखो **खलिण**; (सुपा ७७ ; स ५७४)। २ नदी का किनारा; "खलीणमट्टियं खणमाणे" (विपा १,१—पत्र—१६)।
खलु अ [**खलु**] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;—१ अव-धारण, निश्चय ; (जी ७)। २ पुनः, फिर ; (आचा)। ३ पादपूर्त्ति और वाक्य की शोभा के लिए भी इसका प्रयोग होता है; (आचा ; निचू १०)। °**खित्त** न [°**क्षेत्र**] जहां पर जरूरी चीज मिले वह क्षेत्र ; (वव ८)।
खलुंक पुं [**दे**] १ गली बैल, अविनीत बैल; (ठा ४, ३—पत्र २४८)। २ अविनीत शिष्य, कुशिष्य ; (उत्त २७)।
खलुंकिज्ज वि [**दे**] १ गली बैल संबन्धी; २ उत्तराध्ययन सूत्र का इस नाम का एक अध्ययन ; (उत्त २७)।
खलुय न [**खलुक**] गुल्फ, पाँव का मणि-बन्ध ; (विपा १, ६)।
खल्ल न [**दे**] १ बाड़ का छिद्र ; २ विलास ; (दे २, ७७)। ३ खाली, रिक्त; "जाया खल्लकवोला परिसोसियमंससोणिया धणियं" (उप ७२८ टी ; दे १, ३८)।
खल्लइअ वि [**दे**] १ संकुचित, संकोच-युक्त; २ प्रहृष्ट, हर्ष-युक्त ; (दे २, ७६ ; गउड)।
खल्लग } **खल्लय** } पुंन [**दे**] १ पाँव का रक्षण करने वाला चमड़ा, एक प्रकार का जूता ; (धर्म ३)। २ थैला ; (उप १०३१ टी)।
खल्ला स्त्री [**दे**] चर्म, चमड़ा, खाल ; (दे २, ६६ ; पाअ)।
खल्लाड देखो **खल्लीड** ; (निचू २०)।
खल्लिरा स्त्री [**दे**] संकेत ; (दे २, ७०)।
खल्लिहड (अप) देखो **खल्लीड** ; (हे ४, ३८६)।
खल्ली स्त्री [**दे**] सिर का वह चमड़ा, जिसमें केश पैदा न होता हो ; (आवम)।
खल्लीड पुं [**खल्वाट**] जिसके सिर पर बाल न हो, गञ्जा, चंदला ; (हे १, ७४ ; कुमा)।
खल्लूड पुं [**खल्लूट**] कन्द-विशेष; (पण्ण १—पत्र ३६)।
खव सक [**क्षपय्**] १ नाश करना । २ डालना, प्रक्षेप करना। ३ उल्लंघन करना। खवेइ ; (उत्र)। खव-यंति ; (भग १८, ७)। कर्म—खविज्जंति ; (भग)। वकृ—**खवेमाण** ; (णाया १, १८)। संकृ—**खवइत्ता**, **खवित्तु** , **खवेत्ता**; (भग १५ ; सम्य १६ ; औप)।
खव पुं [**दे**] १ वाम हस्त, बायाँ हाथ ; २ गर्दभ, रासभ ; (दे २, ७७)।
खवग वि [**क्षपक**] १ नाश करने वाला, क्षय करने वाला; २ पुं. तपस्वी जैन मुनि ; (उव ; भाव ८)। ३ क्षपक श्रेणि में आरूढ़; (कम्म ५)। °**सेढि** स्त्री [°**श्रेणि**] क्षपण-क्रम, कर्मों के नाश की परिपाटी ; (भग ६, ११ ; उवर ११४)।
खवडिअ वि [**दे**] स्खलित, स्खलना-प्राप्त ; (दे २, ७१)।
खवण } **खवणय** } न [**क्षपण**] १ क्षय, नाश; (जीत)। २ डालना, प्रक्षेप ; (कम्म ४, ७५)। ३ पुं. जैन मुनि ; (विसे २५८५ ; मुद्रा ७८)।
खवय पुं [**दे**] स्कन्ध, कंधा ; (दे २, ६७)।
खवय देखो **खवग** ; (सम २६ ; आरा १३ ; आचा)।
खवलिअ वि [**दे**] कुपित, क्रुद्ध ; (दे २, ७२)।
खवल्ल पुं [**खवल्ल**] मत्स्य-विशेष ; (विपा १, ८—पत्र ८३ टी)।
खवा स्त्री [**क्षपा**] रात्रि, रात। °**जल** न [°**जल**] अवश्याय, हिम ; (ठा ४, ४)।
खविअ वि [**क्षपित**] १ विनाशित, नष्ट किया हुआ; (सुर ४, ५७ ; प्राप)। २ उद्वेजित ; (गा १३४)।
खव्व पुं [**दे**] १ वाम कर, बाँया हाथ ; २ रासभ, गधा ; (दे २, ७७)।
खव्व वि [**खर्व**] वामन, कुब्ज ; (पाअ)।

खच्चुर देखो **कच्चुर**; (विक्र २८)।

खच्चुल न [**दे**] मुख, मुँह ; (दे २, ६८)।

खस अक [**दे**] खिसकना, गिर पड़ना। खसइ ; (पिंग)।

खस पुं.ब [**खस**] १ अनार्य देश-विशेष, हिन्दुस्थान की उत्तर में स्थित इस नाम का एक पहाड़ी मुलक ; (पउम ६८, ६६)। २ पुंस्त्री. खस देश में रहने वाला मनुष्य; (पगह १— पत्र १४; इक)।

खसखस पुं [**खसखस**] पोस्ता का दाना, उशीर, खस; (सं ६६)।

खसफस अक [**दे**] खसना, खिसकना, गिर पड़ना। वकृ— **खसफसेमाण** ; (सुर २, १५)।

खसफसि वि [**दे**] व्याकुल, अधीर। °**हूअ** वि [°**भूत**] व्याकुल बना हुआ ; (हे ४, ४२२)।

खसर देखो **कसर** = दे कसर ; (जं २ ; स ४८०)।

खसिअ देखो **खइअ** = खचित ; (हे १, १६३)।

खसिअ न [**कस्मित**] रोग-विशेष, खाँसी; (हे १, १८१)।

खसिअ वि [**दे**] खिसका हुआ ; (सुपा २८१)।

खसु पुं [**दे**] रोग-विशेष, पामा ; गुजराती में 'खस'; (सण)।

खह देखो **ख** ; (ठा ३, १)।

खहयर देखो **खयर** ; (औप ; विपा १, १)।

खहयरी स्त्री [**खचरी**] १ पक्षिणी, मादा पक्षी। २ विद्याधरी, विद्याधर की स्त्री ; (ठा ३, १)।

खा } सक [**खाद्**] खाना, भोजन करना, भक्षण करना। खाइ,
खाअ } खाअइ ; खाउ ; (हे ४, २२८)। खंति ; (सुपा ३७० ; महा)। भवि—खाहिइ ; (हे ४, २२८)। कर्म—खज्जइ ; (उत्त)। वकृ—**खंत, खायंत, खायमाण** ; (करु १४ ; पउम २२, ७५ ; विपा १, १)। "खंता पिअंता इह जे मरंति, पुणोवि ते खंति पिअंति रायं !" (करु १४)। कवकृ—**खज्जंत, खज्जमाण** ; (पउम २२, ४३; गा २४८; पउम १७, ८१; ८२, ४०)। हेकृ— **खाइउं** ; (पि ५७३)।

खाअ वि [**ख्यात**] प्रसिद्ध, विश्रुत ; (उप ३२६ ; ६२३; नव २७ ; हे २, ६०)। °**कित्तीय** वि [°**कीर्त्तिक**] यशस्वी, कीर्तिमान् ; (पउम ७, ४८)। °**जस** वि [°**यशस्**] वही अर्थ ; (पउम ५, ८)।

खाअ वि [**खादित**] भुक्त, भक्षित; "खाउग्गिगण —" (गा ६६८ ; भवि)।

खाअ वि [**खात**] १ खुदा हुआ; २ न. खुदा हुआ जलाशय ; "खाओदगाइं" (कप्प)। ३ ऊपर में विस्तार वाली और नीचे में संकट ऐसी परिखा ; ४ ऊपर और नीचे समान रूप मे खुदी हुई परिखा ; (औप)। ५ खाई, परिखा ; (पाअ)।

खाइ स्त्री [**खाति**] खाई, परिखा ; (सुपा २३४)।

खाइ स्त्री [**ख्याति**] प्रसिद्धि, कीर्ति ; (सुपा ५२६ ; ठा ३, ४)।

खाइ [**दे**] देखो **खाइं**; (औप)।

खाइअ देखो **खइअ** = क्षायिक ; (विसे ४६ ; २१७५ ; सत्त ६७ टी)।

खाइअ वि [**खादित**] खाया हुआ, भुक्त, भक्षित ; (प्राप; निर १, १)।

खाइआ स्त्री [**दे. खातिका**] खाई, परिखा; (दे २, ७३ ; पाअ ; सुपा ५२६ ; भग ५, ७ ; पगह २, ५)।

खाइं अ [**दे**] १—२ वाक्य की शोभा और पुनः शब्द के अर्थ का सूचक अव्यय ; (भग ५, ४ ; औप)।

खाइग देखो **खाइअ** = क्षायिक ; (सुपा ५५१)।

खाइम न [**खादिम**] अन्न-वर्जित फल, औषध वगैरः खाद्य चीज; (सम ३६; ठा ४२; औप)।

खाइर वि [**खादिर**] खदिर-वृक्ष-संबन्धी; (हे १,६७)।

खाओवसम } देखो **खओवसमिय** ; (सुपा ५५१ ;
खाओवसमिअ } ६४८ ; सम्य २३)।

खाडइअ वि [**दे**] प्रतिफलित, प्रतिबिम्बित ; (दे २, ७३)।

खाडखड पुं [**खाडखड**] चौथी नरक-पृथिवी का एक नरकावास ; (ठा ६)।

खाडहिला स्त्री [**दे**] एक प्रकार का जानवर, गिलहरी, गिल्ली ; (पगह १, १; उप पृ २०५ ; विसे ३०४ टी)।

खाण न [**खादन**] भोजन, भक्षण ; "खाणेण अ पाणेण अ तह गहिओ मंडलो अडअणाए" (गा ६६२ ; पउम १४, १३६)।

खाण न [**ख्यान**] कथन, उक्ति ; (राज)।

खाणि स्त्री [**खानि**] खान, आकर ; (दे २, ६६ ; कुमा ; सुपा ३४८)।

खाणिअ वि [**खानित**] खुदवाया हुआ ; (हे ३, ५७)।

खाणी देखो **खाणि** ; (पाअ)।

खाणु } पुं [**स्थाणु**] स्थाणु, ठूठा वृक्ष; (पराह २, ५;
खाणुय } हे २, ७ ; कस)।

खाम सक [**क्षमय्**] खमाना, माफी माँगना। खामेइ ; (भग)। कर्म—खामिज्जइ, खामीअइ ; (हे ३, १५३)। संकृ—**खामेत्ता** ; (भग)।

खाम वि [**क्षाम**] १ कृश, दुर्बल ; "खामपंडुकवोलं" (उप ६८६ टी ; पाअ)। २ क्षीण, अशक्त; (दे ६, ४६)।

खामणा स्त्री [**क्षमणा**] क्षमापना, माफी माँगना, क्षमा-याचना ; (सुपा ५६४ ; विंव ७६)।

खामिय वि [**क्षमित**] १ जिसके पास क्षमा माँगी गई हो वह, खमाया हुआ ; (विसे २३८८ ; हे ३, १५२)। २ सहन किया हुआ ; ३ विलम्बित , विलम्ब किया हुआ ; "तिरिण अहोरत्ता पुण न खामिया मे कयंतेण" (पउम ४३, ३१ ; हे ३, १५३)।

खार पुं [**क्षार**] १ क्षरण, झरना, संचलन ; (ठा ८)। २ भस्म, खाक ; (गाया १, १२)। ३ खार, क्षार ; लवण-विशेष ; (सूत्र १, ७)। ४ लवण, नोन ; (बृह ४)। ५ जानवर-विशेष ; (पराण १)। ६ सर्जिका, सज्जी; (सूत्र १, ४, २)। ७ वि कटुक स्वाद वाला, कटुक चीज; (पराण १७—पत्र ५३०)। ८ खारी चीज, लवण स्वाद वाली वस्तु; (भग ७, ६; सूत्र १, ७)। °**तउसी** स्त्री [°**त्रपुषी**] कटु तपुषी, वनस्पति-विशेष ; (पराण १७)। °**तिल्ल** न [°**तैल**] खारे से संस्कृत तैल ; (पराह २, ५)। °**मेह** पुं [°**मेघ**] क्षार रस वाले पानी की वर्षा ; (भग ७, ६)। °**वत्तिय** वि [°**पात्रिक**] क्षार-पात्र में जिमाया हुआ; २ क्षार-पात्र का आधार-भूत ; (औप)। °**वत्तिअ** वि [°**वृत्तिक**] खार में फेंका हुआ, खारसे सिञ्चा हुआ ; (औप ; दसा ६)। °**वावी** स्त्री [°**वापी**] क्षार से भरी हुई वापी ; (पराह १,१)।

खारंफिडी स्त्री [**दे**] गोधा, गोह, जन्तु-विशेष ; (दे २, ७३)।

खारदूसण वि [**खारदूषण**] खरदूषण का, खरदूषण-संबन्धी ; (पउम ४५, १५)।

खारय न [**दे**] मुकुल, कली ; (दे २,७३)।

खारायण पुं [**क्षारायण**] १ ऋषि-विशेष ; २ माराडव्य गोत्र की शाखाभूत एक गोत्र ; (ठा ७)।

खारि स्त्री [**खारि**] एक प्रकार का नाप; (गा ८१२)।

खारिंभरी स्त्री [**खारिम्भरी**] खारी-परिमित वस्तु जिसमें अट सके ऐसा पात्र भर कर दूध देने वाली ; (गा ८१२)।

खारिय वि [**क्षरित**] १ स्रावित, झराया हुआ; (वव ६)। २ पानी में घिसा हुआ ; (भवि)।

खारी देखो **खारि** ; (गा ८१२ ; जो १)।

खारुगणिय पुं [**क्षारुगणिक**] १ म्लेच्छ देश-विशेष ; २ उसमें रहने वाली म्लेच्छ जाति ; (भग १२, २)।

खारोदा स्त्री [**क्षारोदा**] नदी-विशेष ; (राज)।

खाल सक [**क्षालय्**] धोना, पखारना, पानी से साफ करना। कृ—**खालणिज्ज** ; (उप ३२६)।

खाल स्त्रीन [**दे**] नाला, मोरी, अशुचि निकलने का मार्ग ; (ठा २, ३)। स्त्री—**खाला** ; (कुमा)।

खालण न [**क्षालन**] प्रक्षालन, पखारना ; (सुपा ३२८)।

खालिअ वि [**क्षालित**] धौत, धोया हुआ ; (ती १३)।

खावणा स्त्री [**ख्यापना**] प्रसिद्धि, प्रकथन ; "अक्खाणं खावणाभिहाणं वा" (विसे)।

खावियंत वि [**खाद्यमान**] जिसको खिलाया जाता हो वह; "कागणिमंसाइं खावियंतं" (विपा १, २—पत्र २४)।

खावियग वि [**खादितक**] जिसको खिलाया गया हो वह ; "कागणिमंसखावियगा" (औप)।

खावेंत वि [**ख्यापयत्**] प्रख्याति करता हुआ, प्रसिद्धि करता ; (उप ८३३ टी)।

खास पुं [**कास**] रोग-विशेष, खाँसी की बिमारी, खाँसी ; (विपा १,१ ; सुपा ४०४ ; सण)।

खासि वि [**कासिन्**] खाँसी का रोग वाला; (सुपा ५७६)।

खासिअ न [**कासित**] खाँसी, खाँसना ; (हे १,१८१)।

खासिअ पुं [**खासिक**] १ म्लेच्छ देश-विशेष ; २ उसमें रहने वाली म्लेच्छ-जाति ; (पराह १, १—पत्र १४ ; इक ; सूत्र १, ५, १)।

खिइ स्त्री [**क्षिति**] पृथिवी, धरा ; (पउम २०, १५६ ; स ४१६)। °**गोयर** पुं [°**गोचर**] मनुष्य, मानुष, आदमी ; (पउम ५३, ४३)। °**पइट्ठ** न [°**प्रतिष्ठ**] नगर-विशेष ; (स ६)। °**पइट्ठिय** न [°**प्रतिष्ठित**] १ इस नाम का एक नगर ; (उप ३२० टी ; स ७)। २ राजगृह नाम का नगर, जो आजकल बिहार में 'राजगिर' नाम से प्रसिद्ध है ; (ती १०)। °**सार** पुं [°**सार**] इस नाम का एक दुर्ग ; (पउम ८०, ३)।

खिंखिणिया स्त्री [**किङ्किणिका**] क्षुद्र घण्टिका ; (उवा)।

खिंखिणी स्त्री [**किङ्किणी**] ऊपर देखो ; (ठा १० ; णाया १, १ ; अजि २७)।

खिंखिणी स्त्री [**दे**] शृगाली, स्त्री-सियार; (दे २, ७४)।

खिंग पुं [**खिङ्ग**] रंडीबाज, व्यभिचारी ; "अणेगखिंगजणउव्वासियरसणे" (रंभा)।

खिंस सक [**खिंस्**] निन्दा करना, गर्हा करना, तुच्छ करना। खिंसए; (आचा)। कर्म—खिंसिज्जइ; (बृह १)। कवकृ—**खिंसिज्जंत** ; (उप ५८८)। कृ—**खिंसणिज्ज**; (णाया १,३)।

खिंसण न [**खिंसन**] अवर्णवाद, निन्दा, गर्हा ; (औप)।

खिंसणा स्त्री [**खिंसना**] निन्दा, गर्हा ; (औप ; उप १३४ टी)।

खिंसा स्त्री [**खिंसा**] ऊपर देखो ; (ओघ ६० ; द्र ४२)।

खिंसिय वि [**खिंसित**] निन्दित, गर्हित ; (ठा ६)।

खिखिखंड पुं [**दे**] कृकलास, गिरगिट, सरट; (दे २, ७४)।

खिक्खियंत वि [**खिखीयमान**] 'खि-खि' आवाज करता ; (पण्ह १,३—पत्र ४६)।

खिक्खिरी स्त्री [**दे**] डोम वगैरः की स्पर्श रोकने की लकडी; (दे २, ७३)।

खिच्च पुंन [**दे**] खीचड़ी, कृसरा ; (दे १, १३४)।

खिज्ज अक [**खिद्**] १ खेद करना, अफसोस करना। २ उद्विग्न होना, थक जाना। खिज्जइ, खिज्जए ; (स ३४ ; गउड; पि ४५७)। कृ—**खिज्जियव्व** ; (महा ; गा ५१३)।

खिज्जणिया स्त्री [**खेदनिका**] खेद-क्रिया, अफसोस, मन का उद्वेग ; (णाया १, १६—पत्र २०२)।

खिज्जिअ न [**दे**] उपालम्भ, उलहना ; (दे २, ७४)।

खिज्जिअ वि [**खिन्न**] १ खेद-प्राप्त ; २ न. खेद ; (स ५५५)। ३ प्रणय-जन्य रोष ; (णाया १,६—पत्र १६५)।

खिज्जिअग न [**खेदितक**] छन्द-विशेष ; (अजि ७)।

खिज्जिर वि [**खेदितृ**] खेद करने वाला, खिन्न होने की आदत वाला ; (कुमा ७, ६०)।

खिड्ड न [**खेल**] खेल, क्रीड़ा, मजाक ; "खिड्डेण मए भणियं एयं" (सुपा ३०२)। "बालत्तणं खिड्डपरो गमेइ" (सत्त ६८)। °**कर** वि [°**कर**] खेल करने वाला, मजाक करने वाला ; (सुपा ७८)।

खिण्ण वि [**खिन्न**] १ खिन्न, खेद-प्राप्त ; २ श्रान्त, थका हुआ ; (दे १, १२४ ; गा २६६)।

खिण्ण देखो **खीण** ; (प्राप)।

खित्त वि [**क्षिप्त**] १ फेंका हुआ सुर ३. १०२ ; सुपा ३५७)। २ प्रेरित ; (दे १, ६३)। °**इत्त**, °**चित्त** वि [°**चित्त**] भ्रान्त-चित्त, विक्षिप्त-मनस्क, पागल ; (ठा ५, २ ; ओघ ४६७ ; ठा ५, १)। °**मण** वि [°**मनस्**] चित्त-भ्रम वाला ; (महा)।

खित्त देखो **खेत्त** ; (अणु ; प्रासू ; पडि)। °**देवया** स्त्री [°**देवता**] क्षेत्र का अधिष्ठायक देव ; (श्रा ४७)। °**वाल** पुं [°**पाल**] देव-विशेष, क्षेत्र-रक्षक देव ; (सुपा १५२)।

खित्तय न [**क्षिप्तक**] छन्द-विशेष ; (अजि २४ ; २५)।

खित्तय न [**दे**] १ अनर्थ, नुकसान ; २ वि. दीप्त, प्रज्वलित ; (दे २, ७६)।

खित्तिअ वि [**क्षैत्रिक**] १ क्षेत्र-संबन्धी ; २ पुं. व्याधि-विशेष ; "तालुपुडं गरलाणं जह बहुवाहीण खित्तिओ वाही" (श्रा १२)।

खिन्न देखो **खिण्ण**=खिन्न ; (पाअ ; महा)।

खिप्प वि [**क्षिप्र**] शीघ्र, त्वरा-युक्त। °**गइ** वि [°**गति**] १ शीघ्र गति वाला। २ पुं. अमितगति इन्द्र का एक लोक-पाल ; (ठा ४, १)।

खिप्पं अ [**क्षिप्रम्**] तुरन्त, शीघ्र, जल्दी ; (प्रासू ३७ ; पडि)।

खिप्पंत देखो **खिव**।

खिप्पामेव अ [**क्षिप्रमेव**] शीघ्र ही, तुरन्त ही; (जं ३ ; महा)।

खिर अक [**क्षर्**] १ गिरना, गिर पड़ना। २ टपकना, झरना। खिरइ; (हे ४, १७३)। वकृ—**खिरंत**; (पउम १०, ३२)।

खिरिय वि [**क्षरित**] १ टपका हुआ ; २ गिरा हुआ ; (पाअ)।

खिल न [**खिल**] अकृष्ट-भूमि, ऊषर जमीन; (पण्ह १, २—पत्र २६)।

खिलीकरण न [**खिलीकरण**] खाली करना, शून्य करना; "जुवजणधीरखिलीकरणकवाडओ वेसवाडओ" (मै ८)।

खिल्ल सक [**कीलय्**] रोकना, रुकावट डालना। "भणइ इमाणं बन्धव ! गमणं खिल्लेमि कड्ढिउं रेहं" (सुपा १३७)।

खिल्ल अक [**खेल्**] क्रीड़ा करना, खेल करना, तमाशा करना। वकृ—**खिल्लंत** ; (सुपा ३६६)।

खिल्लण न [**खेलन**] खिलौना, खेलनक ; (सुर १५,२०८)।

खिल्लहड } पुं [**दे. खिल्लहड**]। कन्द-विशेष; (श्रा २० ;
खिल्लहल } धर्म २)।

खिव सक [**क्षिप्**] १ फेंकना। २ प्रेरना। ३ डालना। खिवइ, खिवेइ ; (महा)। वकृ—**खिवेमाण** ; (णाया १, २)। कवकृ—**खिप्पंत**; (काल)। संकृ—**खिविय** ; (कम्म ४, ७४)। कृ—**खिवियव्व**; (सुपा १५०)।

खिवण न [**क्षेपण**] १ फेंकना, क्षेपण ; (से १२,३६)। २ प्रेरण, इधर उधर चलाना ; (से ५, ३)।

खिविय वि [**क्षिप्त**] १ क्षिप्त, फेंका हुआ ; २ प्रेरित ; (सुपा २)।

खिव्व देखो **खिव**। संकृ—"अह **खिव्विऊण** सव्वं, पोए ते पत्थिया रयणभूमिं" (धम्म १२ टी)।

खिस अक [**दे**] सरकना, खिसकना। संकृ—"नियगामे गच्छंतस्स **खिसिऊण** वाहणाहिंतो पडियं" (सुपा ५२७ ; ५२८)।

खीण देखो **खिण्ण**=खिन्न ; "कोवित्थ सुरयखीणो" (पउम ३२, ३)।

खीण वि [**क्षीण**] १ क्षय-प्राप्त, नष्ट, विच्छिन्न ; (सम्म ६० ; हे २, ३)। २ दुर्बल, कृश ; (भग २, ५)। °**दुह** वि [°**दुःख**] दुःख-रहित; (सम १५३)। °**मोह** वि [°**मोह**] १ जिसका मोह नष्ट हो गया हो वह; (ठा ३, ४)। २ वि. बारहवाँ गुण-स्थानक ; (सम २६)। °**राग** वि [°**राग**] १ वीतराग, राग-रहित ; २ पुं. जिन-देव, तीर्थंकर देव ; (गच्छ १)।

खीयमाण वि [**क्षीयमाण**] जिसका क्षय होता जाता हो वह ; (गा ६८६ टी)।

खीर न [**क्षीर**) १ दुग्ध, दूध ; (हे २, १७ ; प्रासू १३ ; १६८)। २ पानी, जल ; (हे २, १७)। ३ पुं. क्षीरवर समुद्र का अधिष्ठायक देव ; (जीव ३)। ४ समुद्र-विशेष, क्षीर-समुद्र ; (पउम ६६, १८)। °**कयंब** पुं [°**कदम्ब**] इस नाम का एक ब्राह्मण-उपाध्याय ; (पउम ११, ६)। °**काओली** स्त्री [°**काकोली**] वनस्पति-विशेष, खीरविदारी; (पगण १)। °**जल** पुं [°**जल**] क्षीर-समुद्र, समुद्र-विशेष; (दीव)। °**जलनिहि** पुं [°**जलनिधि**] वही पूर्वोक्त अर्थ ; (सुपा २६५)। °**दुम, °द्दुम** पुं [°**द्रुम**] दूध वाला पेड़, जिसमें दूध निकलता है ऐसे वृक्ष की जाति ; (ओघ ३४६ ; निचू १)। °**धाई** स्त्री [°**धात्री**] दूध पिलाने वाली दाई ; (णाया १,१)। °**पूर** पुं [°**पूर**] उबलता हुआ दूध ; (पगण १७)। °**प्पभ** पुं [°**प्रभ**] क्षीरवर द्वीप का एक अधिष्ठाता देव ; (जीव ३)। °**मेह** पुं [°**मेघ**] दूध-समान स्वाद वाले पानी की वर्षा; (तित्थ)। °**वई** स्त्री [°**वती**] प्रभूत दूध देने वाली ; (बृह ३)। °**वर** पुं [°**वर**] द्वीप-विशेष ; (जीव ३)। °**वारि** न [°**वारि**] क्षीर समुद्र का जल ; (पउम ६६, १८)। °**हर** पुं [°**गृह**, °**धर**] क्षीर-सागर; (वज्जा २४)। °**ासव** पुं [°**ाश्रव**] लब्धि-विशेष, जिसके प्रभाव से वचन दूध की तरह मधुर मालूम हो; २ ऐसी लब्धि वाला जीव ; (पगह २,१ ; औप)।

खीरइय वि [**क्षीरकित**] संजात-क्षीर, जिसमें दूध उत्पन्न हुआ हो वह ; "तए णं साली पत्तिया वत्तिआ गब्भिया पसूया आगयगन्धा खीरा(?र)इया बद्धफला" (णाया १, ७)।

खीरि वि [**क्षीरिन्**] १ दूध वाला ; २ पुं. जिसमें दूध निकलता है ऐसे वृक्ष की जाति ; (उप १०३१ टी)।

खीरिज्जमाण वि [**क्षीर्यमाण**] जिसका दोहन किया जाता हो वह ; (आचा २, १, ४)।

खीरिणी स्त्री [**क्षीरिणी**] १ दूध वाली ; (आचा २, १, ४)। २ वृक्ष-विशेष ; (पगण १—पत्र ३१)।

खीरी स्त्री [**क्षैरेयी**] खीर, पक्वान्न-विशेष ; (सुपा ६३६ ; पाअ)।

खीरोअ पुं [**क्षीरोद**] समुद्र-विशेष, क्षीर-सागर ; (हे २, १८२ ; गा ११७ ; गउड ; उप ५३० टी ; स ३४४)।

खीरोआ स्त्री [**क्षीरोदा**] इस नाम की एक नदी ; (इक ; ठा २, ३)।

खीरोद देखो **खीरोअ** ; (ठा ७)।

खीरोदक, **खीरोदय** पुं [**क्षीरोदक**] क्षीर-सागर; (णाया १, ८ ; औप)।

खीरोदा देखो **खीरोआ** ; (ठा ३, ४—पत्र १६१)।

खील, **खीलग**, **खीलय** पुं [**कील**, °**क**] खीला, खूँट, खूँटो ; (स १०६ ; सूअ १, ११ ; हे १, १८१ ; कुमा)। °**मग्ग** पुं [°**मार्ग**] मार्ग-विशेष, जहां धूली ज्यादः रहने से खूँटे के निशान बनाये गये हों ; (सूअ १, ११)।

खीलावण न [**क्रीडन**] खेल कराना, क्रीड़ा कराना। °**धाई** स्त्री [°**धात्री**] खेल-कूद कराने वाली दाई; (णाया १, १—पत्र ३७)।

खीलिया स्त्री [**कीलिका**] छोटी खूँटी; (आवम)।

खीव पुं [**क्षीब**] मद-प्राप्त, मदोन्मत्त ; (दे ८, ६६)।

खु अ [**खलु**] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;—१ निश्चय, अवधारण ; २ वितर्क, विचार ; ३ संशय, संदेह ; ४ संभा-

बना ; ५ विस्मय, आश्चर्य ; (हे २, १६८ ; षड् ; गा ६ ; १४२ ; ४०१ ; स्वप्न ६ ; कुमा) ।

खु° देखो **खुहा** ; (पराह २, ४ ; सुपा १६८ ; गाया १, १३) ।

खुइ स्त्री [**क्षुति**] १ छींक ; २ छींक का निशान ; (गाया १, १६ ; भग ३, १) ।

खुंखुणय पुं [**दे**] नाक का छिद्र ; (दे २, ७६ ; पाश्र) ।

खुंखुणी स्त्री [**दे**] रथ्या, मुहल्ला ; (दे २, ७६) ।

खुंट पुं [**दे**] खूँट, खूँटी । °**मोडय** वि [°**मोटक**] १ खूँटे को मोड़ने वाला, उससे छूटकर भाग जाने वाला; २ पुं. इस नाम का एक हाथी ; (नाट—मृच्छ ८४) ।

खुंडय वि [**दे**] स्खलित; स्खलना-प्राप्त ; (दे २, ७१) ।

खुंपा स्त्री [**दे**] वृष्टि को रोकने के लिए बनाया जाता एक तृणमय उपकरण ; (दे २, ७५) ।

खुंभण वि [**क्षोभण**] क्षोभ उपजाने वाला ; (पराह १, १—पत्त २३) ।

खुज्ज } **खुज्जय** } वि [**कुब्ज**] १ कूबड़ा; २ वामन; (हे १, १८१; गा ५३४) । ३ वक्र, टेढ़ा ; (ओघ) । ४ एक पार्श्व से हीन ; (पव ११०) । ५ न. संस्थान-विशेष, शरीर का वामन आकार ; (ठा ६ ; सम १४६ ; औप) । स्त्री—**खुज्जा**; (गाया १, १) ।

खुज्जिय वि [**कुब्जिन्**] कूबड़ा ; (आचा) ।

खुट्ट सक [**तुड्**] १ तोड़ना, खण्डित करना, टुकड़ा करना । २ अक. खूटना, क्षीण होना । ३ टूटना, त्रुटित होना । खुट्टइ ; (नाट—साहित्य २२६ ; हे ४, ११६)। खुट्टंति; (उव) ।

खुट्ट वि [**दे**] त्रुटित, खण्डित, छिन्न ; (हे २, ७४ ; भवि) ।

खुड देखो **खुट्ट**=तुड् । खुडइ ; (हे ४, ११६) । खुडेंति; (से ८, ४८) । वकृ—" पवंगभिन्नमत्थया **खुडंत**दित्तमालिया " (पउम ५३, ११२ ; स ४४८) । संकृ—**खुडिऊण** ; (स ११३) ।

खुडक्किअ [**दे**] देखो **खुडुक्किअ** ; (गा २२६) ।

खुडिअ वि [**खण्डित**] त्रुटित, खण्डित, विच्छिन्न ; (हे १, ५३ ; षड्)

खुडुक्क अक [**दे**] १ नीचे उतरना । २ स्खलित होना । ३ शल्य की तरह चुभना । ४ गुस्सा से मौन रहना । खुडुक्कइ ; (हे ४, ३९५)। वकृ—**खुडुक्कंत** ; (कुमा) ।

खुडुक्किअ वि [**दे**] १ शल्य की तरह चुभा हुआ, खटका हुआ ; (उप ३५५) । २ रोष-मूक, गुस्सा से मौन धारण करने वाला । स्त्री—°**आ** ; (गा २२६ अ) ।

खुड्ड } **खुड्डग** } वि [**दे. क्षुद्र, क्षुल्लक**] १ लघु, छोटा; (दे २, ७४ ; कप्प ; दस ३ ; आचा २,२,३ ; उत्त १) । २ नीच, अधम, दुष्ट ; (पुप्फ ४४१) । ३ पुं. छोटा साधु, लघु शिष्य ; (सूत्र १, ३, २) । ४ पुंन. अंगुलीय-विशेष, एक प्रकार की अंगूठी ; (औप ; उप २०४) ।

खुड्डमड्डा अ [**दे**] १ बहु, अत्यन्त ; २ फिर फिर ; (निचू २०) ।

खुड्डय देखो **खुड्ड** ; (हे २, १७४; षड् ; कप्प; सम ३५ ; गाया १, १) ।

खुड्डाग } **खुड्डाय** } देखो **खुड्डग** ; (औप ; पराण ३६ ; गाया १, ७ ; कप्प) । °**णियंठ** न [°**नैर्ग्रन्थ**] उत्तराध्ययन सूत्र का छठवाँ अध्ययन ; (उत्त ६) ।

खुड्डिअ न [**दे**] सुरत, मैथुन, संभोग ; (दे २, ७५)।

खुड्डिआ स्त्री [**दे. क्षुद्रिका**] १ छोटी, लघु; (ठा २, ३; आचा २, १, ३)। २ डबरा, नहीं खुदा हुआ छोटा तलाव; (जं १ ; पराह २, ५) ।

खुणुक्खुडिआ स्त्री [**दे**] घ्राण, नाक, नासिका ; (दे २, ७६) ।

खुण्ण वि [**क्षुण्ण**] १ मर्दित ; (गा ४४५; निचू १) । २ चूर्णित ; (दे ५, ४५) । ३ मग्न, लीन ; " अजरामरपहखुण्णा साहू सरणं सुकयपुण्णा" (चउ ३८ ; संथा)।

खुण्ण वि [**दे**] परिवेष्टित ; (दे २, ७५) ।

खुत्त वि [**दे**] निमग्न, डूबा हुआ ; (दे २, ७४ ; गाया १, १ ; गा २७६ ; ३२४ ; संथा ; गउड) ।

°**खुत्तो** अ [**कृत्वस्**] वार, दफा; (उव; सुर १४, ६१)।

खुद्द वि [**क्षुद्र**] तुच्छ, नीच, दुष्ट, अधम ; (पराह १, १ ; ठा ६) ।

खुद्द न [**क्षौद्र्य**] क्षुद्रता, तुच्छता, नीचता; (उप ६१५) ।

खुद्दिमा स्त्री [**क्षुद्रिमा**] गान्धार ग्राम की एक मूर्च्छना ; (ठा ७—पत्र ३६३) ।

खुद्ध वि [**क्षुब्ध**] क्षोभ-प्राप्त, घबड़ाया हुआ ; (सुपा ३२५) ।

खुध्यि वि [**क्षुधित**] क्षुधातुर, भूखा; (सूत्र १, ३,१) ।

खुन्न देखो **खुण्ण**=क्षुण्ण ; (पि ५६८)।
खुन्न देखो **खुण्ण**=(दे) ; (पाअ)।
खुप्प अक [**मस्ज्**] डूबना, निमग्न होना। खुप्पइ ; (हे ४, १०१)। वकृ—**खुप्पंत** ; (गउड ; कुमा ; ओघ २३ ; से १३, ६७)। हेकृ—**खुप्पिउं**; (तंदु)।
खुप्पिवासा स्त्री [**क्षुत्पिपासा**] भूख और प्यास ; (पि ३१८)।
खुब्भ अक [**क्षुभ्**] १ क्षोभ पाना, क्षुभित होना। २ नीचे डूबना। वकृ—**खुब्भंत** ; (ठा ७—पत्र ३८३)।
खुब्भण न [**क्षोभण**] क्षोभ, घबड़ाहट ; (राज)।
खुभ अक [**क्षुभ्**] डरना, घबड़ाना। खुभइ ; (रयण १८)। कृ—**खुभियव्व**; (पण्ह २, ३)।
खुभिय वि [**क्षुभित**] १ क्षोभ-युक्त, घबड़ाया हुआ ; (पण्ह १, ३)। २ न. क्षोभ, घबड़ाहट ; (ओघ)। ३ कलह, झगड़ा ; (बृह ३)।
खुम्मिय वि [**दे**] नमित, नमाया हुआ; (णाया १,१—पत्र ४७)।
खुर पुं [**खुर**] जानवर के पाँव का नख; (सुर १, २४८ ; गउड ; प्रासू १७१)।
खुर पुं [**क्षुर**] छूरा, अस्तूरा ; (णाया १, ८ ; कुमा ; प्रयौ १०७)। °**पत्त** न [°**पत्र**] अस्तूरा, छूरा ; (विपा १, ६)।
खुरप्प पुं [**क्षुरप्र**] १ घास काटने का अस्त्र-विशेष, खुरपा; (सम १३४)। २ शर-विशेष, एक प्रकार का बाण ; (वेणी ११७)।
खुरसाण पुं [**खुरशान**] १ देश-विशेष ; (पिंग)। २ खुरशान देश का राजा ; (पिंग)।
खुरहखुडी स्त्री [**दे**] प्रणय-कोप ; (षड्)।
खुरासाण देखो **खुरसाण** ; (पिंग)।
खुरि वि [**खुरिन्**] खुर वाला जानवर ; (आव ३)।
खुरु पुं [**खुरु**] प्रहरण-विशेष, आयुध-विशेष ; (सुर १३, १६३)।
खुरुडुक्खुडी स्त्री [**दे**] प्रणय-कोप ; (दे २, ७६)।
णेसत्थिया / **णेसत्थी** स्त्री [**नैसृष्टिकी, नैशस्त्रिकी**] १ निसर्जन, निक्षेपण; २ निसर्जन से होने वाला कर्म-बन्ध; (ठा २, १; नव १८)।
णेसप्प पुं [**नैसर्प**] निधि विशेष, चक्रवर्ती राजा का एक देवाधिष्ठित निधान; (ठा ९; उप ९८६ टी)।
णेसर पुं [**दे**] रवि, सूर्य; (दे ४, ४४)।
णेसाय देखो **णिसाय**=निषाद; (राज)।
णेसु पुंन [**दे**] १ ओष्ठ, होठ; २ पाँव; 'तह निक्खित्तं तमंता कुवम्मि निहित्तणेसुजुगं" (उप ३२० टी)।
णेह पुं [**स्नेह**] १ राग, अनुराग, प्रेम; (पात्र)। २ तैल आदि चिकना रस-पदार्थ; ३ चिकनाई, चिकनाहट; (हे २, ७७; ४, ४०६; प्राप्र)।
णेहर देखो **णेहुर**; (पण्ह १, १)।
णेहल पुं [**स्नेहल**] छन्द-विशेष; (पिंग)।
णेहालु वि [**स्नेहवत्**] स्नेह-युक्त, स्निग्ध; (हे २,१५९)।
णेहुर पुं [**नेहुर**] १ देश-विशेष, एक अनार्य देश; २ उसमें बसने वाली अनार्य जाति; (पण्ह १, १—पत्र १४)।
णो अ [**नो**] इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ निषेध, प्रतिषेध, अभाव; (ठा ६; कस; गउड)। २ मिश्रण, मिश्रता; "नोसद्दो मिस्सभावम्मि" (विसे ५०)। ३ देश, भाग, अंश, हिस्सा; (विस ८८८)। ४ अवधारण, निश्चय; (राज)। °**आगम** पुं [°**आगम**] १ आगम का अभाव; २ आगम के साथ मिश्रण; ३ आगम का एक अंश; (आवम; विसे ४९; ५०; ५१)। ४ पदार्थ का अ-परिज्ञान; (णंदि)। °**इंदिय** न [°**इन्द्रिय**] मन, अन्तःकरण, चित्त; (ठा ६; सम ११; उप ५९७ टी)। °**कसाय** पुं [°**कषाय**] कषाय के उद्दीपक हास्य वगैरः नव पदार्थ, वे ये हैं;—हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, पुंवेद, स्त्रीवेद और नपुंसकवेद; (कम्म १, १७; ठा ९)। °**केवलनाण** न [°**केवलज्ञान**] अवधि और मनःपर्यव ज्ञान; (ठा २, १)। °**गार** पुं [°**कार**] 'नो' शब्द; (राज)। °**गुण** वि [°**गुण**]अ-यथार्थ, अ-वास्तविक; (अणु)। °**जीव** पुं [°**जीव**] १ जीव और अजीव से भिन्न पदार्थ, अ-वस्तु; २ अजीव, निर्जीव; ३ जीव का प्रदेश; (विसे)। °**तह** वि [°**तथ**] जो वैसा हो न हो; (ठा ४, २)।
णोक्ख वि [**दे**] अनोखा, अपूर्व; (पिंग)।
णोदिअ देखो **णोल्लिअ**; (राज)।

णोमल्लिआ स्त्री [**नवमल्लिका**] सुगन्धि फूल वाला वृक्ष-विशेष, नेवारी, वासंती ; (नाट ; पि १५४) ।
णोमालिआ स्त्री [**नवमालिका**] ऊपर देखो ; (हे १, १७० ; गा २८१ ; षड् ; कुमा; अभि २६) ।
णोमि पुं [**दे**] रस्सी, रज्जु ; (दे ४, ३१) ।
णोलइआ } **णोलच्छा** } स्त्री [**दे**] चञ्चु, चाँच ; (दे ४, ३६) ।
णोल्ल सक [**क्षिप्, नुद्**] १ फेंकना । २ प्रेरणा करना । णोल्लइ; (हे ४, १४३ ; षड्) । णोल्लेइ; (गा ८७५) । कवक़—**णोल्लिज्जंत** ; (सुर १३, १६६) ।
णोल्लिअ वि [**नोदित**] प्रेरित; (से६, ३२ ; णाया१, ६ ; पराह १, ३ ; स ३४०) ।
णोव्व पुं [**दे**] आयुक्त, सूबा, राज-प्रतिनिधि ; (दे४,१७) ।
णोहल पुं [**लोहल**] अव्यक्त शब्द-विशेष ; (षड् ; पि २६०; संक्षि ११) ।
णोहलिआ स्त्री [**नवफलिका**] १ ताजी फली, नवोत्पन्न फली ; (हे १, १७०) । २ नूतन फल वाली ; (कुमा) । ३ नूतन फल का उद्गम ; "णोहलिअमप्पणो किं ण मग्गसे, मग्गसे कुरवअस्स" (गा ६) ।
णोहा स्त्री [**स्नुषा**] पुत्र की भार्या ; (पि १४८ ; संक्षि १५) ।
°**ण्णअ** वि [**ज्ञक**] जानकार ; (गा २०३) ।
°**ण्णास** देखो **णास**= न्यास ; (स्वप्न १३४) ।
°**ण्णुअ** देखो °**ण्णअ** ; (गा ४०५) ।
ण्हं अ. १-२ वाक्यालंकार और पादपूर्ति में प्रयुक्त किया जाता अव्यय ; (कप्प ; कस) ।
ण्हव सक [**स्नपय्**] नहलाना, स्नान कराना । ण्हवेइ ; (कुप्र ११७) । कवक़—**ण्हविज्जंत** ; (सुपा ३३) । संकृ—**ण्हविऊण**; (पि ३१३) ।

ण्हवण न [**स्नपन**] स्नान कराना, नहलाना ; (कुमा) ।
ण्हविअ वि [**स्नपित**] जिसको स्नान कराया गया हो वह ; (सुर २, ५८ ; भवि) ।
ण्हा } **ण्हाण** } अक [**स्ना**] स्नान करना, नहाना । ण्हाइ ; (हे४, १४) । ण्हाएइ, ण्हायंति ; (पि ३१३) । भवि—ण्हाइस्सं ; (पि ३१३) । वकृ—**ण्हायमाण** ; (णाया १, १३) । संकृ—**ण्हाइत्ता, ण्हाणित्ता** ; (पि ३१३) ।
ण्हाण न [**स्नान**] नहाना, नहान ; (कप्प ; प्राप्र) । °**पीढ** पुंन [°**पीठ**] स्नान करने का पट्टा ; (णाया १, १) ।
ण्हाणिआ स्त्री [**स्नानिका**] स्नान-क्रिया; (पराह २, ४—पत्र १३१) ।
ण्हाय वि [**स्नात**] जिसने स्नान किया हो वह, नहाया हुआ ; (कप्प ; औप) ।
ण्हायमाण देखो **ण्हा** ।
ण्हारु न [**स्नायु**] अस्थि-बन्धनी सिरा, नस, धमनी ; (सम १४६ ; पराह १, १ ; ठा २, १ ; आचा) ।
ण्हाव देखो **ण्हव** । ण्हावइ, ण्हावेइ ; (भवि ; पि ३१३) । वकृ—**ण्हावअंत** ; (पि३१३) । संकृ—**ण्हाविऊण** ; (महा) ।
ण्हाविअ वि [**स्नपित**] नहलाया हुआ, जिसको स्नान कराया गया हो वह ; (महा ; भवि) ।
ण्हाविअ पुं [**नापित**] हजाम, नाई ; (हे १, २३० ; कुमा) , "घेत्तूण ण्हावियं आगएण मुंडाविओ कुमरो" (उप ६ टी) । °**पसेवय** पुं [°**प्रसेवक**] नाई की अपने उपकरण रखने की थैली ; (उत्त २) ।
ण्हुसा स्त्री [**स्नुषा**] पुत्र-वधू ; पुत्र की भार्या ; (आवम ; पि ३१३) ।

इअ सिरि**पाइअसद्दमहण्णवे** णआराइसद्दसंकलणो, अइएसेण नआराइसद्दसंकलणो अ बाईसइमो तरंगो समत्तो ।

त

त पुं [त] दन्त-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष; (प्राप; प्रामा)।

त स [तत्] वह; (ठा ३, १; हे १, ७; कप्प; कुमा)।

त° स [त्वत्°] तू। °**क्कअ** वि [°कृत] तेरा किया हुआ; (स ६८०)।

तइ (अप) अ [तत्र] वहाँ, उसमें; (षड्)।

तइ अ [तदा] उस समय; (प्राप्र)।

तइअ वि [तृतीय] तीसरा; (हे १, १०१; कुमा)।

तइअ (अप) वि [त्वदीय] तुम्हारा; (भवि)।

तइअ अ [तदा] उस समय;

"भणिओ रन्ना मंती, मइसागर तइय पव्वयंतेण।
ताएण अहं भणिओ, भगिणी ठाणम्मि दायव्वा"
(सुर १,१२३)।

तइअहा (अप) अ [तदा] उस समय; (भवि; सण)।

तइआ अ [तदा] उस समय; (हे ३, ६५; गा ६२)।

तइआ स्त्री [तृतीया] तिथि-विशेष, तीज; (सम २६)।

तइल देखो **तेल्ल**; (उप ६२६)।

तइलोई स्त्री [त्रिलोकी] तीन लोक—स्वर्ग, मर्त्य और पाताल; (सुपा ६८)।

तइलोक्क, **तइलोय** } न [त्रैलोक्य] ऊपर देखो; (पउम ३, १०५; ८, २०२; स ५७१; सुर ३, २०; सुपा २८२; ३५; ४४८)।

तइस (अप) वि [तादृश] वैसा, उस तरह का; (हे ४, ४०३; षड्)।

तई स्त्री [त्रयी] तीन का समुदाय; (सुपा ५८)।

तईअ देखो **तइअ**=तृतीय; (गा ४११; भग)।

तउ, **तउअ** } न [त्रपु] धातु-विशेष, सीसा, राँगा; (सम १२५; औप; उप ६८६ टी; महा)। °**वट्टिआ** स्त्री [°पट्टिका] कान का आभूषण-विशेष; (दे ५,२३)।

तउस न [त्रपुष] देखो **तउसी**; (राज)। °**मिंजिया** स्त्री [°मिञ्जिका] क्षुद्र कीट-विशेष, त्रीन्द्रिय जन्तु की एक जाति; (जीव १)।

तउसी स्त्री [त्रपुषी] कर्कटी-वृक्ष, खीरा का गाछ; (गा ५३४)।

तए अ [ततस्] उससे उस कारण से; २ बाद में; (उत्त १; विपा १, १)।

तएयारिस वि [त्वादृश] तुम जैसा, तुम्हारी तरह का; (स ५२)।

तओ देखो **तए**; (ठा ३, १; प्रासू ७८)।

तं अ [तत्] इन अर्थों को बतलाने वाला अव्यय; — १ कारण, हेतु; (भग १५)। २ वाक्य-उपन्यास; "तं तिअसबंदिमोक्खं" (हे २, १७६; षड्)। "तं मरणमणारंभे वि होइ, लच्छी उण न होइ" (गा ४२)। °**जहा** अ [°यथा] उदाहरण-प्रदर्शक अव्यय; (आचा; अणु)।

तंआ देखो **तया**=तदा; (गउड)।

तंट न [दे] पृष्ठ, पीठ; (दे ५, १)।

तंड न [दे] लगाम में लगी हुई लार; २ वि. मस्तक-रहित; ३ स्वर से अधिक; (दे ५, १६)।

तंडव (अप) देखो **तडुव**। तंडवहु; (भवि)।

तंडव अक [ताण्डवय्] नृत्य करना। तंडवेंति; (आवम)।

तंडव न [ताण्डव] १ नृत्य, उद्धत नाच; (पाअ; जीव ३; सुपा ८६)। २ उद्धताई; "पासंडितुंडमइचंडतंडवाडंबरेहिं किं मुद्ध" (धम्म ८ टी)।

तंडविय वि [ताण्डवित] नचाया हुआ, नर्तित; (गउड)।

तंडविय (अप) देखो **तडुविअ**; (भवि)।

तंडुल पुं [तण्डुल] चावल; (गा ६६१)। देखो **तंदुल**।

तंत न [तन्त्र] १ देश, राष्ट्र; (सुर १६, ४८)। २ शास्त्र, सिद्धान्त; (उवर ५)। ३ दर्शन, मत; (उप ६२२)। ४ स्वदेश-चिन्ता; ५ विष का औषध विशेष; (मुद्रा १०८)। ६ सूत्र, ग्रन्थांश-विशेष; "सुत्तं भणियं तंतं भण्णिज्जए तम्मि व जमत्थो" (विसे)। ७ विद्या-विशेष; (सुपा ४६६)। °**न्नु** वि [°ज्ञ] तन्त्र का जानकार; (सुपा ५७६)। °**वाइ** पुं [°वादिन्] विद्या-विशेष से रोग आदि को मिटाने वाला; (सुपा ४६६)।

तंत वि [तान्त] खिन्न, क्लान्त; (णाया १,४; विपा१,१)।

तंतडी स्त्री [दे] करम्ब, दही और चावल का बना भोजन-विशेष; (दे ५, ४)।

तंतिय पुं [तान्त्रिक] वीणा बजाने वाला; (अणु)।

तंती स्त्री [तन्त्री] १ वीणा, वाद्य-विशेष; (कप्प; औप; सुर १६, ४८)। २ वीणा-विशेष; (पण्ह २, ५)। ३ ताँत, चमड़े की रस्सी; (विपा १, ६; सुर ३, १३७)।

तंती स्त्री [दे] चिन्ता; "कामस्स तत्ततंतिं कुणंति" (गा २)।

तंतु पुं [तन्तु] सूत, तागा, धागा; (पउम १, १३)। °**अ**, °**ग** पुं [°क] जलजन्तु-विशेष; (पउम १४,१७; कुप्र २०६)। °**ज**, °**य** न [°ज] सूती कपड़ा; (उत्त २,३५)। °**वाय** पुं [°वाय] कपड़ा बुनने वाला, जुलहा;

(श्रा २३)। °साला स्त्री [°शाला] कपड़ा बुनने का घर, ताँत-घर ; (भग १५) ।

तंतुक्खोडी स्त्री [दे] तन्तुवाय का एक उपकरण ; (दे५,७)।

तंदुल देखो **तंडुल** ; (पउम १२, १३८) । २ मत्स्य-विशेष ; (जीव १) । °वेयालिय न [°वैचारिक] जैन ग्रन्थ-विशेष ; (णंदि) ।

तंदुलेज्जग पुं [तन्दुलीयक] वनस्पति-विशेष ; (पण्ण १)।

तंदूसय देखो **तिंदूसय** ; (सुर १३, १६७) ।

तंब पुं [स्तम्ब] तृणादि का गुच्छा ; (हे २, ४५ ; कुमा)।

तंब न [ताम्र] १ धातु-विशेष, ताँबा ; (विपा १, ६ ; हे २, ४५) । २ पुं. वर्ण-विशेष ; ३ वि. अरुण वर्ण वाला; (पण्ण १७ ; औप) । °चूल पुं [°चूड] कुक्कुट, मुर्गा; (सुर ३, ६१) । °वण्णी स्त्री [°पर्णी] एक नदी का नाम ; (कप्पू) । °सिह पुं [°शिख] कुक्कुट, मुर्गा; (पाअ) ।

तंबकरोड पुंन [दे] ताम्र वर्ण वाला द्रव्य-विशेष; (पण्ण १७)।

तंबकिमि पुं [दे] कीट-विशेष, इन्द्रगोप; (दे ५, ६; षड्)।

तंबकुसुम पुंन [दे] वृक्ष-विशेष, कुरुबक, कटसरैया ; (दे ५, ६ ; षड्) । २ कुरण्टक वृक्ष ; (षड्) ।

तंबक्क न [दे] वाद्य-विशेष ; अणाहयतंबक्केसु वज्जंतेसु (ती १५)।

तंबच्छिवाडिया स्त्री [दे] ताम्र वर्ण का द्रव्य-विशेष ; (पण्ण १७) ।

तंबटक्कारी स्त्री [दे] शेफालिका, पुष्प-प्रधान लता-विशेष ; (दे ५, ४) ।

तंबरत्ती स्त्री [दे] गेहूँ में कुंकुम की छाया ; (दे ५, ५) ।

तंबा स्त्री [दे] गौ, धेनु, गैया ; (दे ५, १ ; गा ४६० ; पाअ ; वज्जा ३४) ।

तंबाय पुं [तामाक] भारतीय ग्राम-विशेष ; (राज) ।

तंबिम पुंस्त्री [ताम्रत्व] अरुणता, ईषद् रक्तता ; (गउड) ।

तंबिय न [ताम्रिक] परिव्राजक का पहनने का एक उपकरण ; (औप) ।

तंबिर वि [दे] ताम्र वर्ण वाला ; (हे २,५६; गउड; भवि)।

तंबिरा [दे] देखो **तंबरत्ती** ; (दे ५, ५) ।

तंबुक्क न [दे] वाद्य-विशेष; "बुक्कतंबुक्कसद्दुक्कडं" (सुपा ५०)।

तंबेरम पुं [स्तम्बेरम] हस्ती, हाथी ; (उप पृ ११७) ।

तंबेही स्त्री [दे] पुष्प-प्रधान वृक्ष-विशेष, शेफालिका ; (दे ५, ४) ।

तंबोल न [ताम्बूल] पान; (हे १, १२४ ; कुमा) ।

तंबोलिअ पुं [ताम्बूलिक] तमोली, पान बेचने वाला ; (श्रा १२) ।

तंबोली स्त्री [ताम्बूली] पान का गाछ ; (षड् ; जीव ३) ।

तंभ देखो **थंभ** ; (षड्) ।

तंस वि [त्र्यस्र] त्रि-कोण, तीन कोन वाला ; (हे १, २६ ; गउड ; ठा १ ; गा १० ; प्राप्र ; आचा) ।

तक्क सक [तर्क्] तर्क करना, अनुमान करना, अटकल करना । तक्केमि; (मै १३) । संकृ —**तक्किऊणं**; (आचा)।

तक्क न [तक्र] मठा, छाँछ ; (ओघ ८७ ; सुपा ५८३ ; उप पृ ११६) ।

तक्क पुं [तर्क] १ विमर्श, विचार, अटकल-ज्ञान ; (श्रा १२ ; ठा ६) । २ न्याय-शास्त्र ; (सुपा २८७) ।

तक्कणा स्त्री [दे] इच्छा, अभिलाष ; (दे ५, ४) ।

तक्कय वि [तर्कक] तर्क करने वाला ; (पण्ह १, ३) ।

तक्कर पुं [तस्कर] चोर ; (हे २, ४ ; औप) ।

तक्कलि } स्त्री [दे] वलयाकार वृक्ष-विशेष; (पण्ण १)।
तक्कली }

तक्का स्त्री [तर्क] देखो **तक्क**=तर्क; (ठा १ ; सूअ १, १३; आचा) ।

तक्काल क्रिवि [तत्काल] उसी समय ; (कुमा) ।

तक्किअ वि [तार्किक] तर्क-शास्त्र का जानकार ; (अच्चु १०१) ।

तक्कियाणं देखो **तक्क**=तर्क् ।

तक्कु पुं [तर्कु] सूत बनाने का यन्त्र, तकुआ, तकला ; (दे ३, १) ।

तक्कुय पुं [दे] स्वजन-वर्ग ; "सम्माणिया सामंता, अहिणंदिया नायरया, परिआसिआ तक्कुयजणा त्ति" (स५२०) ।

तक्ख सक [तक्ष्] छिलना, काटना । तक्खइ ; (षड् ; हे ४, १६४) । कर्म —तक्खिज्जइ ; (कुप्र १७) । वकृ —**तक्खमाण** ; (अणु) ।

तक्ख पुं [तार्क्ष्य] गरुड़ पक्षी; (पाअ) ।

तक्खग पुं [तक्षन्] १ लकड़ी काटने वाला, बढ़ई; २ विश्वकर्मा , शिल्पी विशेष, (हे ३, ५६ ; षड्) । °सिला स्त्री [°शिला] प्राचीन ऐतिहासिक नगर, जो पहले बाहुबलि की राजधानी थी, यह नगर पंजाब में है ; (पउम ४, ३८; कुप्र ५३) ।

तक्खग पुं [तक्षक] १-२ ऊपर देखो । ३ स्वनाम-प्रसिद्ध सर्प-राज ; (उप ६२५) ।

तक्खण न [**तत्क्षण**] १ तत्काल, उसी समय ; (ठा ४, ४)। २ क्रिवि. शीघ्र, तुरन्त ; (पाअ)।
तक्खय देखो **तक्खग** ; (स २०६ ; कुप्र १३६)।
तक्खाण देखो **तक्ख**=तक्षन् ; (हे ३, ५६; षड्)।
तगर देखो **टगर** ; (पण्ह २, ५)।
तगरा स्त्री [**तगरा**] संनिवेश-विशेष; (स ४६८)।
तग्ग न [**दे**] सूत्र-कङ्कण, धागे का कंकण ; (दे ५, १; गउड)।
तग्गंधिय वि [**तद्गन्धिक**] उसके समान गंध वाला ; (प्रासू ३४)।
तच्च वि [**तृतीय**] तीसरा; (सम ८ ; उवा)।
तच्च न [**तत्त्व**] सार, परमार्थ ; (आचा ; आरा ११५)। °**वाय** पुं [°**वाद**] १ तत्त्व-वाद, परमार्थ-चर्चा । २ दृष्टि-वाद, जैन अङ्ग-ग्रन्थ विशेष; (ठा १०)।
तच्च न [**तथ्य**] १ सत्य, सचाई ; (हे २, २१ ; उत्त २८)। २ वि. वास्तविक, सत्य ; (उत्त ३)। °**त्थ** पुं [°**र्थ**] सत्य हकीकत ; (पउम ३, १३)। °**वाय** पुं [°**वाद**] देखा ऊपर °**वाय** ; (ठा १०)।
तच्चं अ [**त्रिः**] तीन वार ; (भग ; सुर २, २६)।
तच्चित्त वि [**तच्चित्त**] उसी में जिसका मन लगा हो वह, तल्लीन ; (विपा १, २)।
तच्छ सक [**तक्ष्**] छिलना, काटना। तच्छइ ; (हे ४, १६४; षड्)। संकृ—**तच्छिय**; (सूअ १, ४,१)। कवकृ—**तच्छिज्जंत** ; (सुर १, २८)।
तच्छण स्त्रीन [**तक्षण**] छिलना, कर्तन ; (पण्ह १, १)। स्त्री—**णा** ; (गाया १, १३)।
तच्छिंड वि [**दे**] कराल, भयंकर ; (दे ५, ३)।
तच्छिज्जंत देखो **तच्छ**।
तच्छिल वि [**दे**] तत्पर ; (षड्)।
तजा देखा **तया**=त्वच् ; (दे १, १११)।
तज्ज सक [**तर्जय्**] तर्जन करना, भर्त्सन करना। तज्जइ ; (भवि)। तज्जेइ ; (गाया १, १८)। वकृ—**तज्जंत**, **तज्जिंत तज्जयंत, तज्जमाण, तज्जेमाण**; (भवि; सुर १२, २३३; गाया १, ८; राज; विपा १, १—पत्र ११)। कवकृ—**तज्जिज्जंत** ; (उप पृ १३४ ; उप १४६ टी)।
तज्जण न [**तर्जन**] भर्त्सन, तिरस्कार ; (औप; उव ; पउम ६५, ५३)।

तज्जणा स्त्री [**तर्जना**] ऊपर देखो; (पण्ह २,१ ; सुपा १)।
तज्जणी स्त्री [**तर्जनी**] प्रथम अंगुली ; (सुपा १ ; कुमा)।
तज्जाय वि [**तज्जात**] समान जाति वाला, तुल्य-जातीय ; (आव ४)।
तज्जाविअ, **तज्जिअ** } वि [**तर्जित**] तर्जित, भर्त्सित ;(स १२२; सुपा २६३ ; भवि)।
तज्जिंत, **तज्जिज्जंत**, **तज्जेमाण** } देखो **तज्ज**।
तट्टवट्ट न [**दे**] आभरण, आभूषण ;
"सणियं सणियं बालत्तणाओ तणुयाइं तट्टवट्टाइं।
अवहरिवि नियघराओ हारेइ रहम्मि खिल्लंता"
(सुपा ३६६)।
तट्टी स्त्री [**दे**] वृति, बाड़ ; (दे ५, १)।
तट्ठ वि [**त्रस्त**] १ डरा हुआ, भीत ; (हे २, १३६ ; कुमा)। २ न. मुहूर्त-विशेष, ; (सम ५१)।
तट्ठ वि [**तष्ट**] छिला हुआ ;(सूअ १, ७)।
तट्ठव न [**त्रस्तप**] मुहूर्त-विशेष ; (सम ५१)।
तट्ठि, **तट्ठु** } पुं [**त्वष्टृ**] १ तक्षक, विश्वकर्मा ; (गउड)। २ नक्षत्र-विशेष का अधिष्ठायक देव ; (ठा २, ३)।
तड सक [**तन्**] १ विस्तार करना। २ करना। तडइ ; (हे ४, १३७)।
तड पुंन [**तट**] किनारा, तीर ; (पाअ ; कुमा)। °**त्थ** वि [°**स्थ**] १ मध्यस्थ, पक्षपात-हीन ; २ समीप स्थित; (कुमा; दे ३, ६०)।
तडउडा [**दे**] देखो **तडवडा** ; (जीव ३; जं १)।
तडकडिअ वि [**दे**] अनवस्थित ; (षड्)।
तडक्कार पुं [**तटत्कार**] चमकारा; "तडितडक्कारो "(सुपा १३३)।
तडतड अक [**तडतडाय्**] तड तड आवाज करना। वकृ—**तडतडंत, तडतडेंत, तडयडंत**; (राज ; गाया १, ६ ; सुपा १७६)।
तडतडा स्त्री [**तडतडा**] तड़ तड़ आवाज; (स २५७)।
तडप्फड, **तडफड** } अक [**दे**] तड़फना, तड़फड़ाना, व्याकुल होना। तडप्फडइ ; (कुमा ; हे ४, ३६६ ; विवे १०२)। तडफडसि ; (सुर ३, १४८)। वकृ—**तडप्फडंत, तडफडंत** ; (उप ७६८ टी ; सुर १२, १६४ ; सुपा १७६ ; कुप्र २६)।

तडफडिअ वि [दे] १ सब तरफ से चलित, तडफड़ाया हुआ, व्याकुल ; (दे ५, ६ ; स ५८६)।

तडमड वि [दे] चुभित, चोभ-प्राप्त; (दे ५, ७)।

तडयड वि [दे] क्रिया-शील, सदाचार-युक्त ; (सद्दि१०७)।

तडयडंत देखो **तडतडा**।

तडवडा स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष, आउली का पेड़; (दे ५,५)।

तडाअ, **तडाग** न [तडाग] तालाव, सरोवर ; (गा ११० ; पि २३१ ; २४०)।

तडि स्त्री [तडित्] बीजली; (पाअ)। °**डंड** पुं [°दण्ड] विद्युद्दंड ; (म्हा)। °**केस** पुं [°केश] राक्षस-वंशीय एक राजा, एक लंका-पति ; (पउम ६, ६६)। °**वेअ** पुं [°वेग] विद्याधर वंश का एक राजा; (पउम ५, १८)।

तडिअ वि [तत] विस्तृत, फैला हुआ ; (पाअ ; णाया १, ८—पत्र १३३)।

तडिआ स्त्री [तडित्] बीजली ; (प्रामा)।

तडिण वि [दे] विरल, अल्पल्प ; (से १३, ५०)।

तडिणी स्त्री [तटिनी] नदी, तरङ्गिणी ; (सण)।

तडिम न [तडिम] १ भित्ति, भींत ; २ कुट्टिम, पाषाण आदि से बँधा हुआ भूमि-तल ; (से २, २)। ३ द्वार के ऊपर का भाग ; (से १२, ६०)।

तडी स्त्री [तटी] तट, किनारा ; (विपा १, १; अनु ६)।

तड्ड, **तड्डव** सक [तन्] १ विस्तार करना। २ करना। तड्डइ, तड्डवइ ; (हे ४, १३७)। भूका—तड्डवीअ ; (कुमा)।

तड्डविअ, **तड्डिअ** वि [तत] विस्तीर्ण, फैला हुआ ; (पाअ ; महा ; कुमा ; सुर ३, ७२)।

तण सक [तन्] १ विस्तार करना। २ करना। तणइ, तणए ; (षड्)। कर्म—तणिज्जए ; (विसे१३८३)।

तण न [दे] उत्पल, कमल; (दे ५, १)।

तण न [तृण] तृण, घास ; (प्राप्र ; उव)। °**इल्ल** वि [°वत्] तृण वाला; (गउड)। °**जीवि** वि [°जीविन्] घास खाकर जीने वाला ; (सुपा ३७०)। °**राय** पुं [°राज] तालवृक्ष, ताड़ का पेड़ ; (गउड)। °**विंटय**, °**वेंटय** पुं [°वृन्तक] एक क्षुद्र जंतु-जाति, त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष ; (राज)।

तणय पुं [तनय] पुत्र, लड़का ; (सुपा २४७ ; ४२४)।

तणय वि [दे] संबन्धी ; "मह तणए" (सुर ३, ८७ ; हे ४, ३६१)।

तणयमुद्दिआ स्त्री [दे] अंगुलीयक, अंगुठी; (दे ५, ६)।

तणया स्त्री [तनया] लड़की, पुत्री ; (कुमा)।

तणरासि, **तणरासिअ** वि [दे] प्रसारित, फैलाया हुआ ; (दे ५, ६)।

तणवरंडी स्त्री [दे] उड्डप, डोंगी, छोटी नौका ; (दे ५, ७)।

तणसोल्लि, **तणसोल्लिया** स्त्री [दे] १ मल्लिका, पुष्प-प्रधान वृक्ष-विशेष; (दे ५, ६ ; णाया १, १६)। २ वि. तृण-शून्य ; (षड्)।

तणिअ वि [तत] विस्तीर्ण ; (कुमा)।

तणु वि [तनु] १ पतला ; (जी ७)। २ कृश, दुर्बल ; (पंचा १६)। ३ अल्प, थोड़ा ; (दे३, ५१)। ४ लघु, छोटा ; (जीव ३)। ५ सूक्ष्म; (कप्प)। ६ स्त्री. शरीर, काय; (दे२, ५६ ; जी ८)। °**तणुई**, **तणू** स्त्री [°तन्वी] ईषत्प्राग्भारा-नामक पृथ्वी; (ठा ८ ; इक)। °**पज्जत्ति** स्त्री [°पर्याप्ति] उत्पन्न होते समय जीव ने ग्रहण किए हुए पुद्गलों को शरीर रूप से परिणत करने की शक्ति ; (कम्म ३, १२)। °**ब्भव** वि [°उद्भव] १ शरीर से उत्पन्न; २ पुं. लड़का ; (भवि)। °**ब्भवा** स्त्री [°उद्भवा] लड़की ; (भवि)। °**भू** पुंस्त्री [°भू] १ लड़का ; २ लड़की ; (आक)। °**य** वि [°ज] देखो °**ब्भव** ; (उत्त १४)। °**रुह** पुंन [°रुह] १ केश, बाल ; (रभा)। २ पुं. पुत्र, लड़का; (भवि)। °**वाय** पुं [°वात] सूक्ष्म वायु-विशेष ; (ठा ३, ४)।

तणुअ वि [तनुक] ऊपर देखो ; (पउम १६, ७ ; आव ५ ; भग १५ ; पाअ)।

तणुअ सक [तनय्] १ पतला करना। २ कृश करना, दुर्बल करना। तणुएइ ; (गा ६१ ; काप्र १७४)।

तणुआ, **तणुआअ** अक [तनुकाय्] दुर्बल होना, कृश होना। तणुआइ, तणुआअइ, तणुआअए ; (गा ३० ; २६२ ; ५६)। वकृ—**तणुआअंत** ; (गा २६८)।

तणुआअरअ वि [तनुत्वकारक] कृशता उपजाने वाला, दौर्बल्य-जनक ; (गा ३४८)।

तणुइअ वि [तनूकृत] दुर्बल किया हुआ, कृश किया हुआ; (गा १२२; पउम १६, ४)।

तणुई स्त्री [तन्वी] १ पृथ्वी-विशेष सिद्ध-शिला; (सम२२)। २ पतला शरीर वाली स्त्री ; (षड्)।

तणुईकय वि [**तनूकृत**] पतला किया हुआ ; (पाअ)।
तणुग देखो **तणुअ** ; (जं २ ; ३)।
तणुवी / **तणुवीआ** } देखो **तणुई** ; (हे २, ११३ ; कुमा)।
तणू स्त्री [**तनू**] शरीर, काया; (गा ७४८; पाअ ; दं ५)। २ ईषत्प्राग्भारा-नामक पृथिवी; (ठा ८)। °**अ** वि [°**ज**] १ शरीर से उत्पन्न ; २ पुं. लड़का, पुत्र; (उप ६८६)। °**अतरा** स्त्री [°**कतरा**] ईषत्प्राग्भारा-नामक पृथिवी, जिस पर मुक्त जीव रहते हैं, सिद्ध-शिला ; (सम २२)। °**रुह** पुंन [°**रुह**] केश, रोम ; (उप ५९७ टी)।
तणूइय देखो **तणुइअ** ; (गउड)।
तणेण (अप) अ. लिए, वास्ते ; (हे ४,४२५; कुमा)।
तणेसि पुं [**दे**] तृण-राशि ; (दे ५, ३ ; षड्)।
तण्णय पुं [**तर्णक**] वत्स, बछड़ा ; (पाअ ; गा १९ ; गउड)।
तण्णाय वि [**दे**] आर्द्र, गिला ; (दे ५, २; पाअ ; गउड; से १, ३१ ; ११, १२६)।
तण्हा स्त्री [**तृष्णा**] १ प्यास, पिपासा ; (पाअ)। २ स्पृहा, वाञ्छा; (ठा २, ३; औप)। °**लु**, °**लुअ** वि [°**वत्**] तृष्णा वाला, प्यासा; "समरतण्हालू"(पउम ८,८७; ८, ४७)।
तत देखो **तय**=तत ; (ठा ४, ४)।
तत्त न [**तत्त्व**] सत्य स्वरूप, तथ्य, परमार्थ ; (उप ७२८ टी ; पुप्फ ३२०)। °**ओ** अ [°**तस्**] वस्तुतः ; (उप ६८६)। °**ण्णु** वि [°**ज्ञ**] तत्व का जानकार ; (पंचा १)।
तत्त वि [**तप्त**] गरम किया हुआ ; (सम १२५ ; विपा १, ६ ; दे १, १०५)। °**जला** स्त्री [°**जला**] नदी-विशेष ; (ठा २, ३)।
तत्त अ [**तत्र**] वहां। °**भव**, °**होंत** वि [°**भवत्**] पूज्य ऐसे आप ; (पि २९३ ; अभि ५६)।
तत्ति स्त्री [**तृप्ति**] तृप्ति, संतोष; (कुमा ; करु २६)। °**ल्ल** वि [°**मत्**] तृप्ति-युक्त ; (राज)।
तत्ति स्त्री [**दे**] १ आदेश, हुकुम ; (दे ५,२० ; सण)। २ तत्परता ; (दे ५, २०)। ३ चिन्ता, विचार ; (गा २; ५१ ; २७३ अ ; सुपा २३७ ; २८०)। ४ वार्ता, बात; (गा २ ; वज्जा २)। ५ कार्य, प्रयोजन ; (पण्ह १, २ ; वव १)।
तत्तिय वि [**तावत्**] उतना; (प्रासू १५६)।
तत्तिल / **तत्तिल्ल** } वि [**दे**] तत्पर; (षड्; दे ५, ३; गा ५५७; प्रासू ५९)।
तत्तु (अप) देखो **तत्थ**=तत्र; (हे ४, ४०४; कुमा)।
तत्तुडिल्ल न [**दे**] सुरत, संभोग ; (दे ५, ६)।
तत्तुरिअ वि [**दे**] रञ्जित ; (षड्)।
तत्तो देखो **तओ** ; (कुमा ; जी २९)। °**मुह** वि [°**मुख**] जिसका मुँह उस तरफ हो वह ; (सुर २, २३४)।
तत्तोहुत्त न [**दे**] तदभिमुख, उसके सामने ; (गउड)।
तत्थ अ [**तत्र**] वहाँ, उसमें ; (हे २, १६१)। °**भव** वि [°**भवत्**] पूज्य ऐसे आप ; (पि २९३)। °**य** वि [°**त्य**] वहाँ का रहने वाला ; (उप ५९७ टी)।
तत्थ वि [**त्रस्त**] भीत ; (हे २, १६१ ; कुमा)।
तत्थरि पुं [**त्रस्तरि**] नय-विशेष ; "तत्थरिनिएण ठविआ सोहउ मज्झ थुई" (अच्चु ४)।
तदा देखो **तया**=तदा ; (गा ९९६)।
तदीय वि [**त्वदीय**] तुम्हारा ; (महा)।
तदो देखो **तओ** ; (हे २, १६०)।
तद्दिअच्चय न [**दे**] नृत्य, नाच ; (दे ५, ८)।
तद्दिअस / **तद्दिअसिअ** / **तद्दिअह** } न [**दे**] प्रतिदिन, अनुदिन, हररोज; (दे ५, ८ ; गउड; पाअ)।
तद्धिय पुं [**तद्धित**] १ व्याकरण-प्रसिद्ध प्रत्यय-विशेष ; (पगह २, २ ; विसे १००३)। २ तद्धित प्रत्यय की प्राप्ति का कारण-भूत अर्थ ; (अणु)।
तधा देखो **तहा** ; (ठा ३, १ ; ७)।
तन्नय देखो **तण्णय** ; (सुर १४, १७४)।
तन्हा देखो **तण्हा**; (सुर १, २०३ ; कुमा)।
तप्प सक [**तप्**] १ तप करना। २ अक. गरम होना। तप्पइ. तप्पंति ; (पिंग ; प्रासू ५३)।
तप्प सक [**तर्पय्**] तृप्त करना। वकृ -**तप्पमाण** ; (सुर १६, १९)। हेकृ—"न इमो जीवो सक्को तप्पेउं कामभोगेहिं" (आउ ५०)। कृ—**तप्पेयव्व** ; (सुपा २३२)।
तप्प न [**तल्प**] शय्या, बिछौना ; (पाअ)। °**अ** वि [°**ग**] शय्या पर जाने वाला, सोने वाला ; (पगह १, २)।
तप्प पुंन [**तप्र**] डोंगी, छोटी नौका ; (पगह १, १ ; विसे ७०६)।
तप्पक्खिअ वि [**तत्पाक्षिक**] उस पक्ष का ; (श्रा १२)।
तप्पज्ज न [**तात्पर्य**] तात्पर्य ; (राज)।

तप्पण न [**तर्पण**] १ सक्तु, सतुआ ; (पराह २, ५)। २ स्त्रीन. तृप्ति-करण, प्रीणन ; (सुपा ११३)। ३ स्निग्ध वस्तु से शरीर की मालिश ; (णाया १, १३)।
तप्पभिइं अ [**तत्प्रभृति**] तबसे, तबसे लेकर ; (कप्प ; णाया १, १)।
तप्पमाण देखो **तप्प**=तर्पय्।
तप्पर वि [**तत्पर**] आसक्त ; (दे ५, २०)।
तप्पुरिस पुं [**तत्पुरुष**] व्याकरण-प्रसिद्ध समास-विशेष; (अणु)।
तप्पेयव्व देखो **तप्प**=तर्पय्।
तब्भत्तिय वि [**तद्भक्तिक**] उस का सेवक ; (भग ५,७)।
तब्भव पुं [**तद्भव**] वही जन्म, इस जन्म के समान पर-जन्म। °**मरण** न [°**मरण**] वह मरण जिससे इस जन्म के समान हो परलोक में भी जन्म हो, यहां मनुष्य होनेसे आगामी जन्म में भी जिससे मनुष्य हो ऐसा मरण; (भग २१, १)।
तब्भारिय पुं [**तद्भार्य**] दास, नौकर, कर्मचारी, कर्मकर ; (भग ३, ७)।
तब्भारिय पुं [**तद्भारिक**] ऊपर देखो ; (भग ३,७)।
तब्भूम वि [**तद्भौम**] उसी भूमि में उत्पन्न ; (बृह १)।
तम पुं [**दे**] शोक, अफसोस ; (दे ५, १)।
तम पुंन [**तमस्**] १ अन्धकार ; २ अज्ञान ; (हे १,३२ ; वि ४०६ ; औप ; धर्म २)। °**तम** पुं [°**तम**] सातवीं नरक-पृथिवी का जीव ; (कम्म ५; पंच ५)। °**तमप्पभा** स्त्री [°**तमप्रभा**] सातवीं नरक-पृथिवी ; (अणु)। °**तमा** स्त्री [°**तमा**] सातवीं नरक-पृथिवी ; (सम ६६ ; ठा ७)। °**तिमिर** न [°**तिमिर**] १ अन्धकार ; (बृह ४)। २ अज्ञान ; (पडि)। ३ अन्धकार-समूह ; (बृह ४) । °**प्पभा** स्त्री [°**प्रभा**] छठवीं नरक-पृथिवी ; (पण्ण १)।
तमंग पुं [**तमङ्ग**] मत्तवारण, घर का बरण्डा ; (सुर १३, १५६)।
तमंधयार पुं [**तमोन्धकार**] प्रबल अन्धकार; (पउम १७, १०)।
तमण न [**दे**] चुल्हा, जिसमें आग रख कर रसोई की जाती है वह ; (दे ५, २)।
तमणि पुंस्त्री [**दे**] १ भुज, हाथ ; २ भूर्ज, वृक्ष-विशेष की छाल ; (दे २, २०)।
तमस न [**तमस्**] अन्धकार ; "तमसाउ मे दिसा य" (पउम ३६ ८)।
तमस्सई स्त्री [**तमस्वती**] घोर अन्धकार वाली रात; (बृह १)।
तमा स्त्री [**तमा**] १ छठवीं नरक-पृथिवी; (सम ६६ ; ठा ७)। २ अधोदिशा ; (ठा १०)।
तमाड सक [**भ्रमय्**] घुमाना, फिराना। तमाडइ ; (हे ४, ३०)। वकृ—**तमाडंत**; (कुमा)।
तमाल पुं [**तमाल**] १ वृक्ष-विशेष ; (उप १०३१ टी ; भत ४२)। २ न. तमाल वृक्ष का फूल ; (से १,६३)।
तमिस न [**तमिस्र**] १ अन्धकार ; (सुअ १, ५, १)। °**गुहा** स्त्री [°**गुहा**] गुफा-विशेष; (इक)।
तमिसंधयार पुं [**तमिस्रान्धकार**] प्रबल अन्धकार ; (सुअ १, ५, १)।
तमिस्स देखो **तमिस** ; (दे २, २६)।
तमी स्त्री [**तमी**] रात्रि, रात ; (गउड)।
तमुक्काय पुं [**तमस्काय**] अंधकार-प्रचय ; (ठा ४,२)।
तमुय वि [**तमस्**] १ जन्मान्ध, जात्यन्ध ; २ अयन्त अज्ञानी ; (सुअ २, २)।
तमोकसिय त्रि [**तमःकाषिक**] प्रच्छन्न क्रिया करने वाला; (सुअ २, २)।
तम्म अक [**तम्**] खेद करना। तम्मइ ; (गा ४८३)।
तम्मण त्रि [**तन्मनस्**] तल्लीन, तच्चित ; (विपा १, २)।
तम्मय वि [**तन्मय**] १ तल्लीन, तत्पर। २ उसका विकार; (पराह १, १)।
तम्मि न [**दे**] वस्त्र, कपड़ा ; (गउड)।
तम्मिर वि [**तमित्र**] खेद करने वाला ; (गा ५८६)।
तय वि [**तत**] विस्तार-युक्त ; (दे १, ४६ ; से २, ३१ ; महा)। २ न. वाद्य-विशेष ; (ठा २, २)।
तय न [**त्रय**] तीन का समूह, त्रिक ; "कालत्तए वि न मयं" (चउ ४५ ; श्रा २८)।
तय° देखो **तया**=तदा। °**प्पभिइ** अ [°**प्रभृति**] तब से ; (स ३१६)।
तय° देखो **तया**=त्वच्। °**क्खाय** वि [°**खाद**] त्वचा को खाने वाला; (ठा ४, १)।
तया अ [**तदा**] उस समय ; (कुमा)।
तया स्त्री [**त्वच्**] १ त्वचा, छाल, चमड़ी ; (सम ३६)। २ दालचीनी ; (भत ४१)। °**मंत** वि [°**मत्**] त्वचा

वाला ; (णाया १, १)। °विस पुं [°विष] सर्प की एक जाति ; (जीव १)।

तयाणंतर न [**तदनन्तर**] उसके बाद ; (औप)।

तयाणि, **तयाणिं** } अ [**तदानीम्**] उस समय ; (पि ३५८ ; हे १, १०१)।

तयाणुग वि [**तदनुग**] उसका अनुसरण करने वाला ; (सूअ १, १, ४)।

तर अक [**त्वर्**] त्वरा करना। तर ; (विसे २६०१)।

तर अक [**शक्**] समर्थ होना, सकना। तरइ ; (हे ४, ८६)। वकृ— **तरंत**; (ओघ ३२४)।

तर सक [**तॄ**] तैरना। तरइ ; (हे ४,८६)। कर्म—तरिज्जइ, तीरइ; (हे ४, २५० ; गा ७१)। वकृ—**तरंत, तरमाण**; (पाअ; सुपा १८२)। हेकृ—**तरिउं, तरीउं**; (णाया १,१४; हे २,१६८)। कृ—**तरिअव्व** ; (श्रा १२; सुपा २७६)।

तर न [**तरस्**] १ वेग ; २ बल, पराक्रम। °**मल्लि** वि [°**मल्लि**] १ वेग वाला। २ बल वाला। °**मल्लिहायण** वि [°**मल्लिहायन**] तरुण, युवा ; (औप)।

तरंग पुं [**तरङ्ग**] १ कल्लोल, वीचि ; (पण्ह १, ३ ; औप)। °**णंदण** न [°**नन्दन**] नृप-विशेष ; (दंस ३)। °**मालि** पुं [°**मालिन्**] समुद्र, सागर ; (पाअ)। °**वई** स्त्री [°**वती**] १ एक नायिका ; २ कथा-ग्रन्थ विशेष ; (दंस ३)।

तरंगि वि [**तरङ्गिन्**] तरंग-युक्त ; (गउड ; कप्पू)।

तरंगिअ वि [**तरङ्गित**] तरंग-युक्त ; (गउड ; से ८,११; सुपा १५७)। °**नाह** पुं [°**नाथ**] समुद्र, सागर ; (वज्जा १५६)।

तरंगिणी स्त्री [**तरङ्गिणी**] नदी, सरिता ; (प्रासू ६६ ; गउड ; सुपा ५३८)।

तरंड, **तरंडय** } पुंन [**तरण्ड, °क**] डोंगी, नौका; (सुपा २७२; ५०० ; सुर ८, १०६ ; पुप्फ १०५)।

तरग वि [**तर, °क**] तैरने वाला ; (ठा ४, ४)।

तरच्छ पुंस्त्री [**तरक्ष**] श्वापद जन्तु-विशेष, व्याघ्र की एक जाति ; (पण्ह १, १ ; णाया १,१ ; स २५७)। स्त्री—°**च्छी** ; (पि १२३)। °**भल्ल** पुंस्त्री [°**भल्ल**] श्वापद जन्तु-विशेष ; (पउम ४२, १२)।

तरट्टा, **तरट्टी** } स्त्री [**दे**] प्रगल्भ स्त्री ; "झाणेण ट्टद्दि चिरं तरुणी तरट्टी" (कप्पू ; काप्र ५६६)। "अट्टेव आगयाओ तरुणतरट्टाओ एयाओ" (सुपा ४२)।

तरण न [**तरण**] १ तैरना ; (श्रा १४ ; स ३५६ ; सुपा २६२)। २ जहाज, नौका ; (विसे १०२७)।

तरणि पुं [**तरणि**] १ सूर्य, रवि ; (कुमा)। २ जहाज, नौका ; ३ घृतकुमारी का पेड़ ; ४ अर्क वृक्ष, अकवन वृक्ष ; (हे १, ३१)।

तरतम वि [**तरतम**] न्यूनाधिक, "तरतमजोगजुत्तेहिं" (कप्प)।

तरमाण देखो **तर**=**तॄ**।

तरल वि [**तरल**] चंचल, चपल ; (गउड ; पाअ ; कप्पू ; प्रासू ६६ ; सुपा २०४ ; सुर २, ८६)।

तरल सक [**तरलय्**] चंचल करना, चलित करना। तरलेइ; (गउड)। वकृ—**तरलेंत** ; (सुपा ४७०)।

तरलण न [**तरलन**] तरल करना, हिलाना ; "कणणाडीणं कुणंता कुरलतरलणं" (कप्पू)।

तरलाविअ वि [**तरलित**] चंचल किया हुआ, चलायमान किया हुआ ; (गउड ; भवि)।

तरलि वि [**तरलिन्**] हिलाने वाला ; (कप्पू)।

तरलिअ वि [**तरलित**] चंचल किया हुआ ; (गा ७८ ; उप पृ ३३ ; सार्ध ११५)।

तरवट्ट पुं [**दे**] वृक्ष-विशेष, चकवड, पमाड, पवार ; (दे ५, ५ ; पाअ)।

तरस न [**दे**] मांस ; (दे ५, ४)।

तरसा अ [**तरसा**] शीघ्र, जल्दी ; (सुपा ५८२)।

तरा स्त्री [**त्वरा**] जल्दी, शीघ्रता ; (पाअ)।

तरिअव्व देखो **तर**=**तॄ**।

तरिअव्व न [**दे**] उडुप, एक तरह की छोटी नौका; (दे ५,७)।

तरिउ वि [**तरीतृ**] तैरने वाला ; (विसे १०२७)।

तरिउं देखो **तर**=**तॄ**।

तरिया स्त्री [**दे**] दूध आदि का सार, मलाई ; (प्रभा ३३)।

तरिहि अ [**तर्हि**] तो, तब ; (सुर १,१३२ ; ११,७१)।

तरी स्त्री [**तरी**] नौका, डोंगी ; (सुपा १११ ; दे ६, ११० ; प्रासू १४६)।

तरु पुं [**तरु**] वृक्ष, पेड़, गाछ ; (जी १४ ; प्रासू २६)।

तरुण वि [**तरुण**] जवान, मध्य वय वाला ; (पउम ५,१६८)।

तरुणग, **तरुणय** } वि [**तरुणक**] बालक, किशोर ; (सूअ १, ३, ४)। २ नवीन, नया ; (भग १५)। स्त्री— °**णिगा**, °**णिया** ; (आचा २, १)।

तरुणरहस पुंन [**दे**] रोग, बिमारी ; (ओघ [illegible]

तरुणिम पुंस्त्री [**तरुणिमन्**] यौवन, जवानी ; (क[illegible]

तरुणी स्त्री [तरुणी] युवति स्त्री; (गउड; स्वप्न ८२; महा)।

तल सक [तल्] तलना, भूजना, तेल आदि में भूनना। तलेज्जा; (पि ४६०)। वकृ—**तलेंत**; (विपा १, ३)। हेकृ—**तलिज्जिउं**; (स २५८)।

तल न [दे] १ शय्या, बिछौना; (दे ५, १६; षड्)। २ पुं. ग्रामेश, गाँव का मुखिया; (दे ५, १६)।

तल पुं [तल] १ वृक्ष-विशेष, ताड़ का पेड़; (गाया १, १ टी—पत्र ४३; पउम ५३, ७६)। २ न. स्वरूप; "धरणितलंसि" (कप्प), "कासवितलम्मि" (कुमा)। ३ हथेली; (जं १)। ४ तला, भूमिका; "सत्ततले पासाए" (सुर २, ८१)। ५ अधोभाग, नीचे; (गाया १, १)। ६ हाथ, हस्त; (कप्प; पगह २,५)। ७ मध्य खगड; (ठा ८)। ८ तलवा, पानी के नीचे का भाग; (पगह १, ३)। °**ताल** पुंन [°ताल] १ हस्त-ताल, ताली; २ वाद्य-विशेष; (कप्प)। °**प्पहार** पुं [°प्रहार] तमाचा, चपेटा; (दे)। °**भंगय** न [°भङ्गक] हाथ का आभूषण-विशेष; (औप)। °**वट्ट** न [°पट्ट] बिछौने की चद्दर; (वज्जा १०४)। °**वट्ट** न [°पत्र] ताड़ वृक्ष की पत्ती; (वज्जा १०४)।

तलअंट सक [भ्रम्] भ्रमण करना, फिरना। तलअंटइ; (हे ४, १६१)।

तलआगत्ति पुं [दे] कूप, इनारा; (दे ५, ८)।

तलओडा स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष; (पगण १)।

तलण न [तलन] तलना, भर्जन; (पगह १, १)।

तलप्प अक [तप्] तपना, गरम होना। तलप्पइ; (पिंग)।

तलप्फल पुं [दे] शालि, व्रीहि; (दे ५, ७)।

तलवत्त पुं [दे] १ कान का आभूषण-विशेष; (दे ५, २१; पाअ)। २ वरांग, उत्तमांग; (दे ५, २१)।

तलवर पुं [दे.तलवर] नगर-रक्षक, कोटवाल; (गाया १, १; सुपा ३; ७३; औप; महा; ठा ६; कप्प; राय; अणु; उवा)।

तलविंट
तलवेंट
तालवोंट } न [तालवृन्त] व्यजन, पंखा; (हे १, ६७; प्राप्र)।

तलारिअ वि [दे] १ गालित; २ मुग्ध, मूर्ख; (दे ५, ६)।

तलहट्ट सक [सिच्] सींचना। तलहट्टइ, तलहट्टए; (सुपा ३६३)। वकृ—**तलहट्टंत**; (सुपा ३६३)।

तलाई स्त्री [तडागिका] छोटा तालाव; (कुमा)।

तलाग
तलाय } न [तडाग] तालाव, सरोवर; (औप; हे १, २०३; प्राप्र; गाया १, ८; उव)।

तलार पुं [दे] नगर-रक्षक, कोटवाल; (दे ५, ३; सुपा २३३; ३६१; षड्; कुप्र १५५)।

तलारक्ख पुं [दे.तलारक्ष] ऊपर देखो; (श्रा १२)।

तलाव देखो **तलाग**; (उवा; पि २३१)।

तलिअ वि [तलित] भूना हुआ, तला हुआ; (विपा १,२)।

तलिमा
तलिगा } न [दे] उपानह, जूता; (ओघ ३६; ६८; बृह १)।

तलिण वि [तलिन] १ प्रतल, सूक्ष्म, बारीक; (पगह १, ४; औप; दे ५, ६)। २ तुच्छ, क्षुद्र; (से १०,७)। ३ दुर्बल; (पाअ)।

तलिम पुंन [दे] १ शय्या, बिछौना; (दे ५, २०; पाअ; गाया १,१६—पत्र २०१; २०२; गउड)। २ कुट्टिम, फरस-बन्द जमीन; (दे ५, २०; पाअ)। ३ घर के ऊपर की भूमि; ४ वास-भवन, शय्या-गृह; ५ भ्राष्ट्र, भूनने का भाजन; (दे ५, २०)।

तलिमा स्त्री [तलिमा] वाद्य-विशेष; (विसे ७८ टी; गांदि)।

तलुण देखो **तरुण**; (गाया १, १६; राय; वा १५)।

तलेर [दे] देखो **तलार**; (भवि)।

तल्ल न [दे] १ पल्वल, छोटा तालाव; (दे ५, १६)। २ तृण-विशेष, बरू; (दे ५, १६; पगह २, ३)। ३ शय्या, बिछौना; (दे ५, १६; षड्)।

तल्लक पुं [तल्लक] सुरा-विशेष; (राज)।

तल्लड न [दे] शय्या, बिछौना; (दे ५, २)।

तल्लिच्छ वि [दे] तत्पर, तल्लीन; (दे ५, ३; सुर १, १३; पाअ)।

तल्लेस
तल्लेस्स } वि [तल्लेश्य] उसी में जिसका अध्यवसाय हो, तल्लीन, तदासक्त; (विपा १, २; राज)।

तल्लोविल्लि स्त्री [दे] तडफडना, तडफना, व्याकुल होना; "थोडइ जलि जिम मच्छलिया तल्लोविल्लि करंत" (कुप्र ८६)।

तव अक [तप्] १ तपना, गरम होना। २ सक. तपश्चर्या करना। तवइ; (हे १, २३१; गा २२४)। भूका—तविंसु; (भग)। वकृ—**तवमाण**; (श्रा २७)।

तव सक [तपय्] गरम करना। तवेइ; (भग)।

तव पुंन [**तपस्**] तपस्या, तपश्चर्या ; (सम ११ ; नव २६ ; प्रासू २८) । °**गच्छ** पुं [°**गच्छ**] जैन मुनिओं की एक शाखा, गण-विशेष ; (संति १४) । °**गण** पुं [°**गण**] पूर्वोक्त ही अर्थ ; (द्र ७०) । °**चरण**, °**च्चरण** न [°**चरण**] १ तपश्चर्या, तपः-करण ; (सुअ १, ५, १ ; उप पृ ३६० ; अभि १४७) । २ तप का फल, स्वर्ग का भोग ; (गाया १, ६) । °**चरणि** वि [°**चरणिन्**] तपस्या करने वाला ; (ठा ५, ३) । देखो **तवो**° ।

तव देखो **थव** ; (हे २, ४६ ; षड्) ।

तवग्ग पुं [**तवर्ग**] 'त' से लेकर 'न' तक के पाँच अक्षर । °**पविभत्ति** न [°**प्रविभक्ति**] नाट्य-विशेष; (राय) ।

तवण पुं [**तपन**] १ सूर्य, सूरज ; (उप १०३१ टी; कुप्र २१५) । २ रावण का एक प्रधान सुभट ; (से १३, ८५) । ३ न. शिखर-विशेष ; (दीव) ।

तवणा स्त्री [**तपना**] आतापना ; (सुपा ४१३) ।

तवणिज्ज न [**तपनीय**] सुवर्ण, सोना ; (पगह १, ४ ; सुपा ३६) ।

तवणी स्त्री [**दे**] १ भक्ष्य , भक्षण-योग्य कण आदि ; (दे ५, १ ; सुपा ५४८ ; वज्जा ६२) । २ धान्य को क्षेत्र से काट कर भक्षण योग्य बनाने की क्रिया ; (सुपा ५४६) । ३ तवा, पूआ आदि पकाने का पात्र ; (दे २, ५६) ।

तवणीय देखो **तवणिज्ज** ; (सुपा ४८) ।

तवमाण देखो **तव**=तप् ।

तवय वि [**दे**] व्यापृत, किसी कार्य में लगा हुआ ; (दे ५, २) ।

तवय पुं [**तपक**] तवा, भूनने का भाजन ; (विपा १, ३ ; सुपा ११८ ; पाअ) ।

तवस्सि वि [**तपस्विन्**] १ तपस्या करने वाला ; (सम ५१; उप ८३३ टी) । २ पुं. साधु, मुनि, ऋषि ; (स्वप्न१८)।

तविअ वि [**तप्त**] तपा हुआ, गरम ; (हे २, १०५; पाअ)।

तविअ वि [**तापित**] १ गरम किया हुआ ; २ संतापित ; "एयाए को न तविओ, जयम्मि लच्छीए सच्छंदं" (सुपा २०४ ; महा ; पिंग) ।

तविआ स्त्री [**तापिका**] तवा का हाथा; (दे १, १६३) ।

तवु देखो **तउ**; (पउम ११८, ८) ।

तवो देखो **तओ** ; (रंभा) ।

तवो° देखो **तव**=तपस् । °**कम्म** न [°**कर्मन्**] तपः-करण; (सम ११) । °**धण** पुं [°**धन**] ऋषि, मुनि; (प्रारू) । °**धर** पुं [°**धर**] तपस्वी, मुनि ; (पउम२०, १६५ ; १०३, १०८) । °**वण** न [°**वन**] ऋषि का आश्रम ; (उप ७४५ ; स्वप्न १६) ।

तव्वणिय वि [**दे**] सौगत, बौद्ध, बुद्ध-दर्शन का अनुयायी ; "तव्वणियाण बियं विसयसुहकुसत्थभावणाधणियं" (विसे १०४१) ।

तव्वन्निग वि [**दे. तृतीयवर्णिक**] तृतीय आश्रम में स्थित; (उप पृ २६८) ।

तव्विह वि [**तद्विध**] उसी प्रकार का ; (भग) ।

तस अक [**त्रस्**] डरना, त्रास पाना । तसइ ; (हे४, १९८)। कृ—**तसियव्व** ; (उप ३३६ टी) ।

तस पुं [**त्रस**] १ स्पर्श-इन्द्रिय से अधिक इन्द्रिय वाला जीव, द्वीन्द्रिय आदि प्राणी ; (जीव १ ; जो २) । २ एक स्थान से दूसरे स्थान में जाने आने की शक्ति वाला प्राणी ; (निचू १२) । °**काइय** पुं [°**कायिक**] जंगम प्राणी, द्वीन्द्रि-यादि जीव ;(पगह१, १) । °**काय** पुं [°**काय**] १ त्रस-समूह ; (ठा२, १) । २ जंगम प्राणी ; (आचा) । °**णाम**, °**नाम** न [°**नामन्**] कर्म-विशेष, जिसके प्रभाव से जीव त्रस-काय में उत्पन्न होता है ; (कम्म १ ; सम ६७) । °**रेणु** पुं [°**रेणु**] परिमाण-विशेष, बतीस हजार सात सौ अठसठ पर-माणुओं का एक परिमाण ; (अणु ; पव२५४) । °**वाइया** स्त्री [°**पादिका**] त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष ; (जीव १) ।

तसण न [**त्रसन**] १ स्पन्दन, चलन, हिलन ; (राज) । २ पलायन ; (सूअ १, ७) ।

तसर देखो **टसर** ; (कप्पू) ।

तसिअ वि [**दे**] शुष्क, सूखा ; (दे ५, २) ।

तसिअ वि [**तृषित**] तृषातुर, पिपासित ; (रयण ८४) ।

तसिअ वि [**त्रस्त**] भीत, डरा हुआ ; (जीव ३ ; महा) ।

तसियव्व देखो **तस**=त्रस् ।

तसेयर वि [**त्रसेतर**] एकेन्द्रिय जीव, स्थावर प्राणी; (सुपा १६८) ।

तह अ [**तथा**] १ उसी तरह ; (कुमा ; प्रासू१६ ; स्वप्न१०)। २ और, तथा ; (हे १, ६७) । ३ पाद-पूर्ति में प्रयुक्त किया जाता अव्यय ; (निचू १) । °**क्कार** पुं [°**कार**] 'तथा' शब्द का उच्चारण ; (उत्त २६) । °**णाण** वि

[°ज्ञान] प्रश्न के उत्तर को जानने वाला ; (ठा ६) । २ न. सत्य ज्ञान ; (ठा १०) । °त्ति अ [इति] स्वीकार-द्योतक अव्यय, वैसा ही (जैसा आप फरमाते हैं) ; (णाया १, १) । °य अ [°च] १ उक्त अर्थ की दृढ़ता-सूचक अव्यय ; २ समुच्चय-सूचक अव्यय ; (पंचा २) । °वि अ [°पि] तो भी ; (गउड) । °विह वि [°विध] उस प्रकार का ; (सुपा ४५६) । देखो **तहा** ।

तह वि [**तथ्य**] तथ्य, सत्य, सच्चा; (सूअ १, १३) ।

तह पुं [**तथ**] आज्ञा-कारक, दास, नौकर ; (ठा४, २—पत्र २१३) ।

तहं देखो **तह**=तथा ; (औप) ।

तहरी स्त्री [**दे**] पङ्क वाली सुरा ; (दे ५, २) ।

तहल्लिआ स्त्री [**दे**] गो-वाट, गौओं का बाडा ; (दे५, ८) ।

तहा देखो **तह**=तथा ; (कुमा ; गउड ; आचा ; सुर ३, २७) । °गय पुं [°गत] १ मुक्त आत्मा ; २ सर्वज्ञ ; (आचा) । °भूय वि [°भूत] उस प्रकार का ; (पउम २२, ६५) । °रूव वि [°रूप] उस प्रकार का; (भग १५) । °वि वि [°वित्] १ निपुण, चतुर; २ पुं. सर्वज्ञ ; (सूअ१, ४,१) । °हि अ [°हि] वह इस प्रकार ; (उप ६८६ टी) ।

तहि देखो **तह**=तथा ;(गा ८७८ ; उत ६) ।

तहिं } अ [**तत्र**] वहां, उसमें , (गा २०६ ; प्राप्र ; गा
तहिँ } २३४ , ऊरु १०५) ।

तहिय वि [**तथ्य**] सत्य, सच्चा, वास्तविक ; (णाया१, १२) ।

तहियं अ [**तत्र**] वहां, उसमें ; (विसे २७८) ।

तहेय } अ [**तथैव**] उसी तरह, उसी प्रकार ; (कुमा ;
तहेव } षड्) ।

ता अ [**तद्**] उससे, उस कारण से ; (हे ४, २७८ ; गा ४६ ; ६७ ; उव) ।

ता देखो **ताव**=तावत् ; (हे १, २७१ ; गा१४१ ; २०१) ।

ता अ [**तदा**] तब, उस समय ; (रंभा ; कुमा ; सण) ।

ता अ [**तर्हि**] तो, तब; (रंभा; कुमा) ।

ता स्त्री [**ता**] लक्ष्मी ; (सुर १६, ४८) ।

ता° स [**तद्**] वह । °गंध पुं [°गन्ध] १ उसका गन्ध ; २ उसके गन्ध के समान गन्ध; (पण्ण१७) । °फास पुं [°स्पर्श] १ उसका स्पर्श ; २ वैसा स्पर्श ; (पण्ण १७) । °रस पुं [°रस] १ वह स्पर्श; २ वैसा स्पर्श; (पण्ण१७) । °रूव न [°रूप] १ वह रूप; २ वैसा रूप ; (पण्ण १७—पत्र ५२२) ।

ताअ देखो **ताव**=ताप ; (गा ७६७ ; ८१४ ; हेका५०) ।

ताअ पुं [**तात**] १ तात, पिता, बाप ; (सुर १, १२३ ; उत्त १४) । २ पुत्र, वत्स ; (सूअ १, ३, २) ।

ताअ सक [**त्रै**] रक्षण करना । कृ—**तायव्व** ;(श्रा१२) ।

ताइ वि [**त्यागिन्**] त्याग करने वाला ; (गा २३०) ।

ताइ वि [**तायिन्**] रक्षक, परिपालक ; (उत ८) ।

ताइ वि [**तापिन्**] ताप-युक्त ; (सूअ १, १५) ।

ताइ वि [**त्रायिन्**] रक्षक, रक्षण करने वाला ; (उ २१, २२) ।

ताइअ वि [**त्रात**] रक्षित ; (उव) ।

ताउं (अप) देखो **ताव**=तावत् ; (कुमा) ।

ताठा (चूपै) देखो **दाढा** ; (हे ४, ३२५) ।

ताड सक [**ताडय्**] १ ताड़न करना, पीटना । २ प्रेरणा करना, आघात करना । ३ गुणाकार करना । ताडइ ; (हे ४, २७) । भवि—ताडइस्सं; (पि २४०) । वकृ—**ताडिंत**; (काल) । कवकृ—**ताडिज्जमाण**, **ताडीअंत**, **ताडीअमाण** ; (सुपा २६ ; पि २४० ; अभि १५१) । हेकृ—**ताडिउं** ; (कप्पू) । कृ—**ताडिअ** ; (उत्त१६) ।

ताड पुं [**ताल**] ताड़ क ड़ (स २५६) ।

ताडंक पुं [**ताडङ्क**] कान का आभूषण-विशेष, कुण्डल ; (दे ६, ६३ ; कप्पू ; कुमा) ।

ताडण न [**ताडन**] १ ताड़न, पीटना ; (उप ६८६ टी ; गा ५४६) । २ प्रेरणा, आघात ; (से १२, ८३) ।

ताडाविय वि [**ताडित**] पीटवाया गया ; (सुपा २८८) ।

ताडिअ देखो **ताड**=ताडय् ।

ताडिअ वि [**ताडित**] १ जिसका ताडन किया गया हो वह, पीटा हुआ ; (पाअ) । २ जिसका गुणाकार किया गया हो वह; "इक्कासीई सा करणकारणाणुमइताडिआ होइ" (श्रा६) ।

ताडिअय न [**दे**] रोदन, रोना ; (दे ५,१०) ।

ताडिज्जमाण देखो **ताड** = ताडय् ।

ताडी स्त्री [**ताडी**] वृक्ष-विशेष ; (गउड) ।

ताडीअंत } देखो **ताड**=ताडय् ।
ताडीअमाण }

ताण न [**त्राण**] १ शरण, रक्षण कर्ता ; (सुपा ५७४) । २ रक्षण ; (सम ५१) ।

ताण पुं [**तान**] संगीत-प्रसिद्ध स्वर-विशेष; "ताणा एगूणपण्णासं" (अणु) ।

ताणिअ वि [**तानित**] ताना हुआ ; (ती १५)।
तादिस देखो **तारिस** ; (गा ७३८ ; प्रासू ३४)।
ताम देखो **तम्म**=तम्। तामइ ; (गा ८५३)।
ताम (अप) देखो **ताव**=तावत् ; (हे४, ४०६ ; भवि)।
तामर वि [**दे**] रम्य, सुन्दर ; (दे ५, १० ; पाअ)।
तामरस न [**तामरस**] कमल, पद्म; (दे ५, १०; पाअ)।
तामरस न [**दे**] पानी में उत्पन्न होने वाला पुष्प; (दे५,१०)।
तामलि पुं [**तामलि**] स्वनाम-ख्यात एक तापस ; (भग ३, १ ; श्रा ६)।
तामलित्ति स्त्री [**ताम्रलिप्ति**] एक प्राचीन नगरी, वंग देश की प्राचीन राजधानी ; (उप ६८८ ; भग ३, १ ; पण्ण१)।
तामलित्तिया स्त्री [**ताम्रलिप्तिका**] जैन मुनि-वंश की एक शाखा ; (कप्प)।
तामस वि [**तामस**] तमोगुण वाला ; (पउम ८, ५० ; कुप्र ४२८)। °**त्थ** न [°**ास्त्र**] कृष्ण वर्ण का अस्त्र-विशेष; (पउम ८,५०)।
तामहि } (अप) देखो **ताव**=तावत् ; (षड् ; भवि ; पि
तामहिं } २६१ ; हे ४, ४०६)।
तायत्तीसग पुं [**त्रायस्त्रिंशक**] गुरु-स्थानीय देव-जाति ; (ठा ३, १ ; कप्प)।
तायत्तीसा स्त्री [**त्रयस्त्रिंशत्**] १ संख्या-विशेष, तेत्तीस ; २ तेत्तीस संख्या वाला, तेत्तीस; "तायत्तीसा लोगपाला" (ठा; पि ४४७ ; कप्प)।
तायव्व देखो **ताअ**=त्रै।
तार वि [**तार**] १ निर्मल, स्वच्छ ; (से ६, ४२) । २ चमकता, देदीप्यमान ; (पाअ)। ३ अति ऊँचा ; (से ६, ४)। ४ अति ऊँचा स्वर ; (राय ; गा ४६४)। ५ न. चाँदी ; (ती २)। ६ पुं. वानर-विशेष ; (से १, ३४)। °**वई** स्त्री [°**वती**] राज-कन्या ; (आचू ४)।
तारंग न [**तारङ्ग**] तरंग-समूह ; (से ६, ४२)।
तारग वि [**तारक**] तारने वाला, पार उतारने वाला ; (उप पृ ३२)। २ पुं. नृप-विशेष, द्वितीय प्रतिवासुदेव; (पउम ५, १५६)।३ सूर्य आदि नव ग्रह ; (ठा६)। देखो **तारय**।
तारगा स्त्री [**तारका**] १ नक्षत्र; (सूअ २, ६)। २ एक इन्द्राणी, पूर्णभद्र-नामक इन्द्र की एक पटरानी ; (ठा ४, १)। देखो **तारया**।
तारण न [**तारण**] १ पार उतारना ; (सुपा २५७)। २ वि. तारने वाला ; (सुपा ४१७)।
तारत्तर पुं [**दे**] मुहूर्त ; (दे ५, १०)।
तारय देखो **तारग** ; (सम १; प्रासू १०१)। ४ न. छन्द-विशेष ; (पिंग)।
तारया देखो **तारगा**। ३ आँख की तारा ; (गउड ; गा १४८ ; २५४)।
तारा स्त्री [**तारा**] १ आँख की पुतली ; (गा ४११ ; ४३५)। २ नक्षत्र ; (ठा ५, १ ; से १,३४)। ३ सुग्रीव की स्त्री ; (से१, ३४)। ४ सुभूम चक्रवर्ती की माता ; (सम १५२)। ५ नदी-विशेष ; (ठा १०)। ६ बौद्धों की शासन-देवी ; (कुप्र ४४२)। °**उर** न [°**पुर**] तारंगा-स्थान; (कुप्र ४४२)। °**चंद** पुं [°**चन्द्र**] एक राज-कुमार ; (धम्म ७२ टी)। °**तणय** पुं [°**तनय**] वानर-विशेष, अङ्गद ; (से१३, ६७)। °**पह** पुं [°**पथ**] आकाश, गगन ; (अणु)। °**पहु** पुं [°**प्रभु**] चन्द्रमा ; (उप ३२० टी)। °**मेत्ती** स्त्री [°**मैत्री**] निःस्वार्थ मित्रता ; (कप्पू)। °**यण** न [°**यन**] कनीनिका का चलना, आँख की पुतली का हिलन, "भग्गं तारायणं नियइ" (सुपा १८७)। °**वइ** पुं [°**पति**] चन्द्रमा; (गउड)।
तारिम वि [**तारिम**] तरणीय, तैरने योग्य ; (भास ६३)।
तारिय वि [**तारित**] पार उतारा हुआ ; (भवि)।
तारिया स्त्री [**तारिका**] तारा के आकार की एक प्रकार की विभूषा, टिकली, टिकिया ; "विचित्तलंबंततारियाइन्नं" (सुर ३, ७१)।
तारिस वि [**तादृश**] वैसा, उस तरह का ; (कप्प ; प्राप्र ; कुमा)। स्त्री—°**सी** ; (प्रासू १२५)।
तारुण्ण } न [**तारुण्य**] तरुणता, यौवन ; (गउड ; कप्पू;
तारुन्न } कुमा ; सुपा ३१६)।
ताल देखो **ताड**=ताडय्। तालेइ ; (पि २४०)। वकृ—**तालेमाण** ; (विपा १, १)। कवकृ—**तालिज्जंत, तालिज्जमाण** ; (पउम ११८, १० ; पि २४०)।
ताल सक [**तालय्**] ताला लगाना, बन्द करना। संकृ—**तालेवि** ; (सुपा ४२८)।
ताल पुं [**ताल**] १ वृक्ष-विशेष ; (पण्ह १, ४)। २ वाद्य-विशेष, कंसिका ; (पण्ह २, ५)। ३ ताली ; (दस २)। ४ चपेटा, तमाचा ; (से ६, ५६)। ५ वाद्य-समूह ; (राज)। ६ आजीवक मत का एक उपासक ; (भग ८, ५)। ७ न. ताला, द्वार बन्द करने की कल ; (उप ३३३)। ८ ताल वृक्ष का फल ; (दे ६, १०२)।

°उड न [°पुट] तत्काल प्राण-नाशक विष-विशेष; (णाया १, १४; सुपा १३७; ३१६)। °जंघ पुं [°जङ्घ] १ नृप-विशेष; (धर्म १)। २ वि. ताल की तरह लम्बी जाँघ वाला; (णाया १, ८)। °ज्झय पुं [°ध्वज] १ बलदेव; (आवम)। २ नृप-विशेष; (दंस १)। ३ शत्रुञ्जय पहाड़; (ती १)। °पलंब पुं [°प्रलम्ब] गोशालक का एक उपासक; (भग ८, ५)। °पिसाय पुं [°पिशाच] दीर्घ-काय राक्षस; (पण्ण १)। °पुड देखो °उड; (श्रा १२)। °यर पुं [°चर] एक मनुष्य-जाति, चारण; (ओघ ७६६)। °विंट, °विंत, °वेंट, °वोंट न [°वृन्त] व्यजन, पंखा; (पि ५३; नाट—वेणी १०४; हे १, ६७; प्राप्र)। °संवुड पुं [°संपुट] ताल के पत्रों का संपुट, ताल-पत्र-संचय; (सूअ १, ५, १)। °सम वि [°सम] ताल के अनुसार स्वर, स्वर-विशेष; (ठा ७)।

तालंक पुं [ताडङ्क] १ कुण्डल, कान का आभूषण-विशेष। २ छन्द-विशेष; (पिंग)।

तालंकि पुंस्त्री [तालङ्किन्] छन्द-विशेष। स्त्री—°णी; (पिंग)।

तालग न [तालक] ताला, द्वार बन्द करने का यन्त्र; (उप ३३६ टी)।

तालण देखो **ताडण**; (औप)।

तालणा स्त्री [ताडना] चपेटा आदि का प्रहार; (पण्ह २, १; औप)।

तालप्फली स्त्री [दे] दासी, नौकरानी; (दे ५, ११)।

तालय देखो **तालग**; (सुपा ४१४; कुप्र २५२)।

तालहल पुं [दे] शालि, व्रीहि; (दे ५, ७)।

ताला अ [तदा] उस समय, "ताला जाअंति गुणा, जाला ते सहिअएहिं घिप्पंति" (हे ३, ६५; काप्र ५२१)।

ताला स्त्री [दे] लाजा, खोई, धान का लावा; (दे ५,१०)।

तालाचर पुं [तालचर] ताल (वाद्य) बजाने वाला; (निचू १५)।

तालाचर } पुं [तालाचर] १ प्रेक्षक-विशेष, ताल देने
तालायर } वाला प्रेक्षक; (णाया १, १)। २ नट, नर्तक आदि मनुष्य-जाति; (बृह ३)।

तालिअ वि [ताडित] आहत, पीटा हुआ; (णाया १,५)।

तालिअंट सक [भ्रमय्] घुमाना, फिराना। तालिअंटइ; (हे ४, ३०)।

तालिअंट न [तालवृन्त] व्यजन, पंखा; (स ३०८)।

तालिअंटिर वि [भ्रमयितृ] घुमाने वाला; (कुमा)।

तालिज्जंत देखो **ताल**=ताडय्।

ताली स्त्री [ताली] १ वृक्ष-विशेष; (चारु ६३)। २ छन्द-विशेष; (पिंग)। °पत्त न [°पत्र] ताल-वृक्ष की पत्ती का बना हुआ पंखा; (चारु ६३)।

तालु } न [तालु,°क] तालू, मुँह के ऊपर का भाग,
तालुअ } तलुआ; (सत्त ४६; णाया १, १६)।

तालुग्घाडणी स्त्री [तालोद्घाटनी] विद्या-विशेष, ताला खोलने की विद्या; (वसु)।

तालुर पुं [दे] १ फेन, फीण; २ कपित्थ वृक्ष; (दे ५, २१)। ३ पानी का आवर्त; (दे ५, २१; गा ३७; पाअ)। ४ पुं. पुष्प का सत्व; (विक्र ३२)।

तालेवि देखो **ताल**=तालय्।

ताव सक [तापय्] १ तपाना, गरम करना। २ संताप करना, दुःख उपजाना। तावेंति; (गा ८५०)। कर्म—ताविज्जंति; (गा ७)। कृ—**तावणिज्ज**; (भग१५)।

ताव पुं [ताप] १ गरमी, ताप; (सुपा ३८६; कप्पू)। २ संताप, दुःख; (आव ४)। ३ सूर्य, रवि। °दिसा स्त्री [°दिश्] सूर्य-तापित दिशा; (राज)।

ताव अ [तावत्] इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ तब-तक; (पउम ६८, ५०)। २ प्रस्तुत अर्थ; (आवम)। ३ अवधारण; ४ अवधि, हद; ५ पक्षान्तर; ६ प्रशंसा; ७ वाक्य-भूषा; ८ मान; ६ साकल्य, संपूर्णता; १० तब, उस समय; (हे १, ११)।

तावअ वि [तावक] त्वदीय, तुम्हारा; (अच्चु ५३)।

तावइअ वि [तावत्] उतना; (सम १४४; भग)।

तावं देखो **ताव**=तावत्; (भग १५)।

तावँ } (अप) देखो **ताव**=तावत्; (कुमा)।
तवँहिं }

तावण न [तापन] १ गरम करना, तपाना; (निचू १)। २ पुं. इक्ष्वाकु वंश का एक राजा; (पउम ५, ५)।

तावणिज्ज देखो **ताव**=तापय्।

तावत्तीस }
तावत्तीसग } देखो **तायत्तीसय**; (औप; पि ४४५; ४३८; काल)।
तावत्तीसय }

तावत्तीसा देखो **तायत्तीसा**; (पि ४३८)।

तावस पुं [तापस] १ तपस्वी, योगी, संन्यासि-विशेष; (औप)। २ एक जैन मुनि; (कप्प)। °गेह न [°गेह]

तापसों का मठ ; (पाअ) ।
तावसा स्त्री [**तापसा**] जैन मुनिओं की एक शाखा; (कप्प)।
तावसी स्त्री [**तापसी**] तपस्विनी, योगिनी ; (गउड) ।
ताविअ वि [**तापित**] तपाया हुआ, गरम किया हुआ; (गा ५३ ; विपा १, ३ ; सुर ३, २२०) ।
ताविआ स्त्री [**तापिका**] तवा, पूआ आदि पकाने का पात्र; (दे २, ५६) । २ कड़ाही, छोटा कड़ाह ; (आवम) ।
ताविच्छ पुंन [**तापिच्छ**] वृक्ष-विशेष, तमाल का पेड़ ; (कुमा ; दे १, ३७ ; सुपा ५८) ।
तावी स्त्री [**तापी**] नदी-विशेष; (पउम ३५, १; गा २३६)।
तास पुं [**त्रास**] १ भय, डर ; (उप पृ ३५) । २ उद्वेग, संताप ; (पण्ह १, १) ।
तासण वि [**त्रासन**] त्रास उपजाने वाला ; (पण्ह १,१)।
तासि वि [**त्रासिन्**] १ त्रास-युक्त, त्रस्त ; २ त्रास-जनक ; (ठा ४, २ ; कप्पू) ।
तासिअ वि [**त्रासित**] जिसको त्रास उपजाया गया हो वह ; (भवि) ।
ताहे अ [**तदा**] उस समय, तब ; (हे ३, ६५) ।
ति अ [**त्रिः**] तीन वार ; (आचा ५४२) ।
ति देखो **तइअ**=तृतीय ; (कम्म २,१६) । °**भाग**, °**भाय**, °**हाअ** पुं [°**भाग**] तृतीय भाग, तीसरा हिस्सा ; (कम्म २; णाया १, १६—पत्र २१८ ; कप्पू) ।
ति देखो **थी** ; "उलुजु गायंति भुणिं सभत्तिपुत्ता तिओ चच्च-रियाउ दिंति " (रंभा) ।
ति त्रि.ब. [**त्रि**] तीन, दो और एक ; (नव ४ ; महा) । °**अणुअ** न [°**अणुक**] तीन, परमाणुओं से बना हुआ द्रव्य, "अणुअतएहिं आरद्धदव्वे तिअणुअं ति निद्देसा" (सम्म १३६) । °**उण** वि [°**गुण**] १ तीनगुना । २ सत्व, रजस् और तमस् गुण वाला ; (अच्चु ३०) । °**उणिय** वि [°**गुणित**] तीनगुना ; (भवि) । °**उत्तरसय** वि [°**उत्तरशततम**] एक सौ तीसरा, १०३ वाँ ; (पउम १०३, १७६) । °**उल** वि [°**तुल**] १ तीन को जीतने वाला ; २ तीन को तौलने वाला ; (णाया १, १—पत्र ६४) । °**ओय** न [°**ओजस्**] विषम राशि-विशेष ; (ठा ४, ३) । °**कंड**, °**कंडग** वि [°**काण्ड**,°**क**] तीन काण्ड वाला, तीन भाग वाला ; (कप्पू; सूअ १, ६) । °**कडुअ** न [°**कटुक**] सूँठ, मरीच और पीपल ;(अणु) । °**करण** देखो °**गरण** ; (राज) । °**काल** न [°**काल**] भूत, भविष्य और वर्तमान काल; (भग; सुपा ८८) । °**क्काल** देखो °**काल** ; (सुपा १६६)। °**खंड** वि [°**खण्ड**] तीन खण्ड वाला ; (उप ६८६ टी)। °**खंडाहिवइ** पुं [°**खण्डाधिपति**] अर्ध चक्रवर्ती राजा, वासुदेव ; (पउम ६१,२६) । °**गडु**, °**गडुअ** देखो °**कडुअ** ; (स २५८ ; २६३) । °**गरण** न [°**करण**] मन, वचन और काया ; (द्र २०) । °**गुण** देखो °**उण** ; (अणु) । °**गुत्त** वि [°**गुप्त**] मनोगुप्ति आदि तीन गुप्ति वाला, संयमी ; (सं ८) । °**गोण** वि [°**कोण**] तीन कोने वाला ; (राज) । °**चत्ता** स्त्री [°**चत्वारिंशत्**] तेतालीस ; (कम्म ४, ५५) । °**जय** न [°**जगत्**] स्वर्ग, मर्त्य और पाताल लोक ; (ति १) । °**णयण** पुं [°**नयन**] महादेव, शिव ; (मै १५, ५८ ; सुपा १३८ ; ५६६ ; गउड) । °**तुल** देखो °**उल** ; (णाया १, १ टी—पत्र ६७)। °**त्तिस** (अप) देखो °**त्तीस**। °**त्तीस** स्त्रीन [**त्रय-स्त्रिंशत्**] १ संख्या-विशेष, ३३ ; २ तेतीस संख्या वाला, तेतीस ; (कप्प ; जी ३६ ; सुर १२,१३६ ; दं २७) । °**दंड** न [°**दण्ड**]१ हथियार रखने का एक उपकरण ;(महा)। २ तीन दण्ड ; (औप) । °**दंडि** पुं [°**दण्डिन्**] संन्यासी, सांख्य मत का अनुयायी साधु; (उप १३६ टी; सुपा ४३६ ; महा) । °**नवइ** स्त्री [°**नवति**] १ संख्या-विशेष, तिराणवे; २ तिराणवे संख्या वाला ; (कम्म १,३१) । °**पंच** त्रि.ब. [°**पञ्चन्**] पंद्रह; (ओघ१४)। °**पंचासइम** वि [°**पञ्चाश**] त्रेपनवाँ ; (पउम ५३, १५०) । °**पह** न [°**पथ**] जहां तीन रास्ते एकत्रित होते हों वह स्थान ; (राज) । °**पायण** न [°**पातन**] १ शरीर, इन्द्रिय और प्राण इन तीनों का नाश; २ मन, वचन और काया का विनाश ; (पिंड) । °**पुंड** न [°**पुण्ड्र**] तिलक-विशेष, ; (स ६) । °**पुर** पुं [°**पुर**] १ दानव-विशेष, ; २ न. तीन नगर ; (राज) । °**पुरा** स्त्री [°**पुरा**] विद्या-विशेष; (सुपा ३६७) । °**भंगी** स्त्री [°**भङ्गी**] छन्द-विशेष, ; (पिंग) । °**महुर** न [°**मधुर**] घी, सक्कर और मधु;(अणु)। °**मासिआ** स्त्री [**त्रैमासिकी**] जिसकी अवधि तीन मास की है ऐसी एक प्रतिमा, व्रत-विशेष ; (सम २१) । °**मुह** वि [°**मुख**] १ तीन मुख वाला ; (राज) । २ पुं. भगवान् संभवनाथजी का शासन-देव ; (संति ७) । °**रत्त** न [°**रात्र**] तीन रात; (स ३४२), "धम्मपरस्स मुहुत्तोवि दुल्लहो किंपुण तिरत्तं" (कुप्र ११८)। °**रासि** न [°**राशि**]जीव, अजीव और नोजीव रूप तीन राशियाँ; (राज) । °**लोअ** न [°**लोकी**] स्वर्ग, मर्त्य और पाताल लोक;

